

■ अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



■ भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा - 12



■ नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



■ अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14


आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.32 | सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 9, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना | अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई।** टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना पाई। (...विस्तृत खेल पेज पर)

### बिरला को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी। लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है।

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# लोक गायिका की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार :** खैरना गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से थारू जनजाति की प्रसिद्ध लोक गायिका रिंकू राणा (33) की मौत हो गई जबकि भतीजी घायल हो गई।

रिंकू के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुःख जताया है। नौगजा, कल्याणपुर नानकमत्ता निवासी रिंकू पत्नी महेश राणा सितारगंज गई थीं। सितारगंज से लौटते समय दोपहर करीब 12:30 वह सड़क किनारे स्कूटी खड़ी कर फोन पर बात कर रही थीं। रिंकू के साथ उनकी भतीजी जिया भी थी।



रिंकू राणा (फाइल)

- रिंकू राणा के निधन पर सीएम ने दुख जताया
- ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी थी टक्कर

तभी तेज रफ्तार ईंटों से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आरोपी चालक फरार हो गया। इधर, रिंकू की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रिंकू का एक पुत्र है।

## होली पर देहरादून और हरिद्वार में दो हत्याएं

**देहरादून।** होली पर हत्या के दो मामले सामने आए। हरिद्वार के थाना भगवानपुर क्षेत्र में होली के दिन ट्रक चालक राजीव निवासी बागपत (उप्र) ने एक होटल में खाना बनाने वाले कथित दोस्त राहुल को रंजिश में ट्रक से रौंदकर मार डाला। वहीं, देहरादून के नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र के रिस्पना नगर में होली पर दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी पति शाहबाज आलम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, शाहबाज ने बताया, वह पत्नी कहकशा से छुटकारा पाकर दूसरा निकाह करना चाहता था।

# चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार शाम को नई दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस कदम पर हैरानी जताई और कहा कि बोस के इस्तीफा देने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल एवं पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

17 नवंबर, 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त किए गए बोस ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं, यह मेरे लिए पर्याप्त है। उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि क्या कोई राजनीतिक दबाव था जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दबाव में आनंद बोस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया हो सकता है।



- अचानक इस्तीफा देने के कारणों का नहीं किया खुलासा, ममता ने इस्तीफे पर जताई हैरानी

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

**पटना, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।



राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल नीतीश कुमार।

- अमित शाह व बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दाखिल किया नामांकन

**सियासत** | पश्चिम बंगाल में परिवर्तन यात्रा में मुख्यमंत्री धामी ने बोला ममता सरकार पर हमला

# बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति ने विकास रोका : धामी

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून/कोलकाता**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने हिंगलगंज विधानसभा क्षेत्र से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित जनसभा और रोड शो में भी उन्होंने भाग लिया। बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने के लिए पहुंचे।

अपने संबोधन में सीएम धामी ने सनातन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते कहा कि सनातनी हिंदू कभी डरता नहीं, वह सत्य और राष्ट्र के लिए खड़ा रहता है। ममता सरकार डंडे के दम पर लोगों को डराने और धमकाने की राजनीति करती है करती है लेकिन सनातन की परंपरा से जुड़े लोग डरने वाले नहीं हैं। सनातनी समाज अन्याय और अत्याचार के सामने हमेशा डटकर खड़ा होता है। धामी ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया गया है। राज्य में युवाओं को कर्मवीर के बजाय भत्तावीर बनाया जा रहा है। इससे युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है। कहा कि आज पश्चिम बंगाल करोड़ों के कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और मातृशक्ति स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। धामी ने सीमा पार से हो रही अवैध घुसपैठ का मुद्दा भी उठाते कहा कि इस गंभीर विषय पर राज्य सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। सीएम धामी ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही अराजक व्यवस्था समाप्त की जाएगी और राज्य में सुशासन, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। इस दौरान धामी ने उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता (यूसीसी), धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून, अवैध मदरसों पर कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया।



प. बंगाल के हिंगलगंज में जन अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं सोनार बांग्ला

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल को सोनार बांग्ला (स्वर्णिम बंगाल) बनाना चाहते हैं जबकि टीएमसी की राजनीति ने राज्य को भ्रष्टाचार और अराजकता का अड्डा बना दिया है। जहां-जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार है, वहां विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**स्टेट ब्रीफ**

### प्रदेश में 9 से 'महिला आयोग आपके द्वार'

**देहरादून :** राष्ट्रीय महिला आयोग के अभियान "महिला आयोग आपके द्वार" के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए वृहद प्रदेश व्यापी अभियान का आगाज किया जा रहा है। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने गुरुवार को बताया कि 9 मार्च से 13 मार्च के बीच राज्य के सभी 13 जनपदों में 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रमों का विशेष आयोजन होगा। कहा कि, अक्सर भौगोलिक बाधाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बहनें मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाती हैं इसलिए आयोग स्वयं उनके द्वार तक पहुंचकर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास कर रहा है।

### जिला क्रीड़ा संघ के चुनाव 8 मार्च को

**नैनीताल :** जिला क्रीड़ा संघ (डीएसए) के चुनाव 8 मार्च को होंगे। नैनीताल में आयोजित होने वाले इस चुनाव में नगर के 48 क्लब और स्कूलों के सदस्य भाग लेंगे। इन 48 क्लबों से दो-दो सदस्य इस चुनाव में मतदान करेंगे। इससे पहले यह चुनाव दिसंबर 2024 में कराए गए थे, जिनका कार्यकाल दो वर्ष का होता है। इस वर्ष डीएसए काफी विवादों में भी रहा है। 8 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर इन दिनों नगर में खूब चर्चा चल रही है। इस वर्ष खेल विभाग, नगर पालिका और डीएसए के बीच फ्लैट्स मैदान के स्वामित्व को लेकर काफी विवाद रहा था।

# अमृत 2.0: जल संरक्षण व भू-जल पुनर्भरण परियोजनाओं को मंजूरी

## हल्द्वानी, रुद्रपुर व काशीपुर में स्मार्ट जल प्रबंधन को बढ़ावा, योजनाओं को दिया अनुमोदन

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में अमृत 2.0 की हाई पावर कमेटी की बैठक में शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा भू-जल पुनर्भरण को सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन दिया गया।

बैठक में लघु सिंचाई विभाग, नैनीताल की योजनाओं के अंतर्गत हल्द्वानी व नैनीताल क्षेत्र में जल पुनर्भरण संरचनाओं के विकास तथा पार्कों के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों को स्वीकृति दी गई। इनमें हरिहर कॉलोनी हल्द्वानी, विश्वविद्यालय हल्द्वानी, उषा रूपक कॉलोनी नैनीताल तथा सुदर्शन कॉलोनी हल्द्वानी में जल पुनर्भरण के विकास एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं।

इसी प्रकार बैठक में अमृत 1.0 के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं में हुई लगभग 39.82 करोड़ रुपये की बचत के उपयोग पर भी निर्णय लिया गया। इस राशि के माध्यम से रुद्रपुर तथा काशीपुर नगर क्षेत्रों में वाटर मीटर अधिष्ठापन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे शहरी जल प्रबंधन प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इनके अलावा हरिद्वार और देहरादून की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई।

सीएस ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, भू-जल स्तर में सुधार होगा तथा शहरी क्षेत्रों में जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



सचिवालय में परियोजनाओं की समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

### यहां इन कार्यों को स्वीकृति

**देहरादून :** मुख्य सचिव ने सचिवालय में व्यय-वित्त समिति की बैठक में विभिन्न जिलों से संबंधित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया। इनमें हल्द्वानी स्थित फायर स्टेशन में टाइप-द्वितीय, टाइप-तृतीय तथा टाइप-चतुर्थ श्रेणी के कुल आवासों के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य कार्यालय भवन के पुनर्निर्माण के कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। देहरादून में सहस्त्रधारा पेयजल योजना, पौड़ी गढ़वाल के सतपुली बैराज के निर्माण (पुनरीक्षित) प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

### जल जीवन मिशन की प्रगति पर समीक्षा

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने जल जीवन मिशन से संबंधित सर्वोच्च समिति की बैठक में राज्य में मिशन की प्रगति, वित्तीय स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। सीएस ने निर्देश दिए कि पानी की गुणवत्ता परीक्षण में रासायनिक तथा बैक्टीरियोलॉजिकल दोनों प्रकार के परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं तथा संबंधित पेयजल परीक्षण की जानकारी संबंधित प्रोजेक्ट में तिथि सहित सार्वजनिक हित में स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। बैठक में जीआईएस मैपिंग, पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर पाइपलाइन नेटवर्क अपलोड की प्रगति, सुजल गांव आईडी निर्माण, वित्तीय समन्वय तथा तकनीकी निरीक्षण की भी समीक्षा की गई। सीएस ने इन सभी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# होली का पर्व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक: राज्यपाल

- लोकभवन और सीएम आवास में धूमधाम से मनी होली

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** लोक भवन में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि, रंगों का अर्थ यही है कि प्रभु के बनाए सभी रंग किस प्रकार एक होकर आपसी एकता और एकजुटता को प्रदर्शित करते हैं। जिस प्रकार हम मिल-जुलकर हर उत्सव मनाते हैं, वह पूरी दुनिया और मानवता के लिए एक बड़ा संदेश है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि होली का पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। रंगों का यह उत्सव हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करे तथा उत्तराखण्ड निरंतर विकास, समृद्धि और प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।

इस अवसर पर पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, गणेश जोशी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता धामी, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन सहित प्रबुद्धजन, समाजसेवी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, सीएम आवास पर भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता, संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं आदि के साथ होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी गीता धामी भी मौजूद रहीं।





शासकीय आवास पर होली गीत गाते और लोकभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह से होली मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।




विद्यालय प्रबंधन के साथ सैनिक स्कूल के लिए चयनित विद्यार्थी।

### जयमोहन स्कूल के 5 विद्यार्थी सैनिक स्कूल की परीक्षा में पास

**रामनगर :** जयमोहन इंटर कॉलेज, कनिया के पांच होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बताया गया है कि इस परीक्षा में खुशी रावत, नैतिक राणा, रणवीर, ईशांक पांडे और कृष्ण चंद्र ने सफलता हासिल की है। इसके अतिरिक्त इसी विद्यालय के 19 छात्रों का चयन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए भी हुआ है। यह बड़ी उपलब्धि विद्यालय के अनुभवी मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के संस्थापक गोपाल दत्त जोशी, सलाहकार हेमा जोशी, प्रधानाचार्य एम. डी. तिवाड़ी, प्रबंधक अमन जोशी तथा उप-प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह मनराल ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों का विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है। इस प्रकार विद्यार्थियों के चयन से अन्य छात्रों को भी नई प्रेरणा मिलेगी, जिससे वे अपने भविष्य के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यालय प्रबंधतंत्र ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोसी में उतराता मिला हाथी के बच्चे का शव

**रामनगर:** रामनगर के कोसी नदी में एक महीने के हाथी के बच्चे का शव उतराता मिला है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी।

कोसी रेंज के रेंजर शेखर तिवारी और टीम शव को नदी से निकालकर रामनगर पोस्टमार्टम के लिए लाए। रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर बाघ के पंजों के निशान पाए गए हैं, जिससे मौत के कारण के रूप में शिकार की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग के अनुसार बच्चा झुंड से अलग होने के कारण शिकार हुआ होगा।

वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही अंतिम कारण और कार्रवाई तय होगी।

# डीएम का सेंट्रल गोदाम पर छापा, मिलीं अनियमितताएं

- दिसंबर में तैयार अंडे-खाद्य सामग्री भेजी जा रही थी आंगनबाड़ी केंद्रों को
- गोदाम में मिला अव्यवस्थाओं का भंडार, गोदाम स्वामी पर मुकदमे के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** पूरे उत्तराखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति की जा रही खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बाद जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने गुरुवार को रुड़की के सेंट्रल गोदाम पर औचक छापेमारी की। गोदाम में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर डीएम ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान डीएम को गोदाम में कई खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता संदिग्ध मिली। खजूर और केले के चिप्स के पैकेटों पर अंकित मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी तिथि संदिग्ध पाई गई, जबकि कई पैकेटों पर यह जानकारी स्पष्ट रूप से दर्ज ही नहीं थी।

कुछ पैकेटों पर छपी तिथि की जगह स्टैंप से तिथि अंकित मिली, जिसे डीएम बंसल ने गंभीर लापरवाही माना। जांच में यह भी सामने आया कि दिसंबर और जनवरी में तैयार किए गए अंडे और अन्य खाद्य सामग्री मार्च में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजी जा रही थी। डीएम ने इसे बच्चों और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



सेंट्रल गोदाम में छापामारी के दौरान पूछताछ करते डीएम सविन बंसल।

> आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। संबंधित विभागों को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। - सविन बंसल, डीएम देहरादून

### डीएम ने रुकवा लिए राशन वाहन

छापेमारी में गोदाम में बाल श्रमिक भी काम करते मिलने पर डीएम ने गोदाम स्वामी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराने के निर्देश दिए। गोदाम का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा था। गोदाम में खाद्य सामग्री सुरक्षित रखने के लिए तापमान नियंत्रित रखने की कोई व्यवस्था नहीं थी। निरीक्षण में रजिस्टर अपडेट नहीं मिले और आपूर्ति की जा रही सामग्रियों के गुणवत्ता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी बीच आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राशन लेकर टिहरी, उत्तरकाशी और डोईवाला जाने वाले वाहनों को भी डीएम ने मौके पर ही रुकवा लिया और उनमें लदी सामग्री के नमूने लेने के निर्देश दिए।

## भू-माफिया पर कार्रवाई न होने से सभासद नाराज

**भीमताल :** ग्राम सोनगांव, भीमताल में पिछले कई दिनों से बाज़ के जंगल काटकर भू-माफियाओं द्वारा प्लॉट बनाए जा रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए सभासद शिप्रा जोशी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब उन्होंने जनता के साथ धरने पर बैठने का ऐलान किया है।



शिप्रा जोशी ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने इस जंगल को बचाने के लिए आवाज़ उठाई थी, लेकिन प्रशासन इसे बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी माफियाओं द्वारा वार्ड नंबर एक, सोनगांव में बाज़ के पेड़ काटे गए थे। उस समय वन विभाग ने मौके पर निरीक्षण किया था और 19 पेड़ों के अवशेष पाए गए थे।

## एसटीएच में रोबोटिक सर्जरी व किडनी ट्रांसप्लांट की योजना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों से ग्रसित मरीजों को अब जटिल ऑपरेशन के लिए निजी अस्पतालों या दिल्ली-बरेली जैसे महानगरों की दौड़ लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के यूरोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण सिंह पाल ने बताया कि अत्याधुनिक लेजर तकनीक के जरिए पथरी और प्रोस्टेट से संबंधित रोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। दो वर्षों के दौरान यूरोलॉजी विभाग द्वारा प्रोस्टेट, पथरी और किडनी से संबंधित 2000 से अधिक ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। एसटीएच में अत्याधुनिक लेजर विधि आरआईआरएस के माध्यम से बिना चीरे के पथरी और प्रोस्टेट के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। डॉ. पाल ने बताया कि आने वाले समय में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू करने और किडनी ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रारंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह 7 को हरिद्वार में

- विभिन्न प्रदर्शनियों का करेंगे अवलोकन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आगामी 7 मार्च को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में विभिन्न प्रदर्शनियों के अवलोकन के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा लिए गए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य में सुशासन, पारदर्शिता तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए दृश्य प्रदर्शनों, चित्रों, मॉडल तथा जानकारीपूर्ण पैनलों के माध्यम से बीते वर्षों में राज्य में हुए परिवर्तन और विकास की झलक प्रस्तुत की जाएगी, जिससे आमजन उत्तराखंड की विकास यात्रा को निकट से समझ सकेंगे। इसी क्रम में 7 से 9 मार्च 2026 तक 'न्याय संहिता' विषय पर राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन भी बैरागी कैम्प में किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## उच्चाधिकारियों के साथ जवानों ने खेली होली

**नैनीताल:** नैनीताल पुलिस ने गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ रंगों का पर्व होली मनाई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पुलिस कर्मी सदैव त्योहारों पर जनता की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। हमारा उद्देश्य अपने पुलिस परिवार के साथ खुशियों के कुछ पल साझा करना है ताकि उनमें नई ऊर्जा का संचार हो सके। एसएसपी नैनीताल की अगुवाई में नैनीताल पुलिस ने ड्यूटी की थकान मिटाकर जवान जमकर थिरके। सुरक्षा की कठिन जिम्मेदारियों और ड्यूटी की व्यस्तताओं के बीच, नैनीताल पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने जमकर होली मनाई।

## पेड़ पर चढ़ते तेंदुए का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल नगरीय क्षेत्र में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक तेंदुआ पेड़ पर चढ़ते हुए और फिर पेड़ से कूदकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। यह वीडियो जॉन्स स्टेट क्षेत्र का बताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे भरतपुर क्षेत्र में एक रिसॉर्ट के सामने की है। ऊंचाई वाले इलाके में स्थित एक रिसॉर्ट के पास तेंदुआ पेड़ पर चढ़ता हुआ देखा गया। कुछ ही देर बाद वह पेड़ से कूदकर जंगल की ओर भाग गया। इस दौरान किसी ने उसका वीडियो बना लिया। इसी क्षेत्र में 2 फरवरी को एक महिला घास काटने के लिए जंगल गई महिला को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया था। घटना के बाद वन विभाग ने इलाके में पिंजरा लगाकर एक तेंदुए को पकड़ लिया था। हालांकि अब एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी सामने आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दे दी है। वहीं क्षेत्र के सभासद बंटी आर्य ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

**अच्छी खबर**

प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने उत्तराखंड की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की सार्वजनिक

# पीएसडी सरकार में बढ़ी लोगों की आय, जीएसडीपी में छलांग

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**2024** -25 में राज्य की जीएसडीपी 3,81,889 करोड़ रही

**2021** -22 के मुकाबले जीएसडीपी में डेढ़ गुना से ज्यादा का उछाल

**2024** -25 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2,73,921 रुपए हुई

**2017** तक शून्य स्टार्टअप वर्ष 2025 में बढ़कर 1750 हुए

**2026** -27 में जीएसडीपी 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

**79394** हुई उत्तराखंड में एमएसएमई की कुल संख्या बढ़कर

**अमृत विचार:** पुष्कर सिंह धामी सरकार में जहां प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है तो जीएसडीपी ने भी छलांग लगायी है।

प्रमुख सचिव (पीएस) आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने गुरुवार को सचिवालय में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के बारे में बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 3,81,889 करोड़ रुपए रही, जो वर्ष 2021-22 में 2.54 लाख करोड़ रुपए थी। वर्ष 2021-22 के मुकाबले जीएसडीपी में डेढ़ गुना से ज्यादा का उछाल आया है। वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 194670 रुपए थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,73,921 हो गई। इस वर्ष यह सर्वेक्षण नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) के साथ तैयार किया गया है।

पीएस ने बताया कि वर्ष 2024-25 में ग्रोथ रेट 7.23 प्रतिशत रहा है। मल्टी डायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स 9.7% से घटकर 6.92 प्रतिशत पर आ गया है। लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट वर्ष 60.1% से बढ़कर 64.4% है जो रोजगार के क्षेत्र में 4.3% की बढ़त दर्शाता है। ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स बढ़कर 0.722 हो गया है। राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की संख्या 59798 से बढ़कर 79394 हो गई है। एमएसएमई में रोजगार पाने वालों की संख्या 343922 से बढ़कर 456605 हो गई है। लार्ज इंडस्ट्री की संख्या 107 से 128 हो गई हैं। राज्य में वर्ष 2017 तक शून्य स्टार्टअप वर्ष 2021-22 में 702 और 2024-25 में 1750 हो गए हैं।

### यह सतत विकास-सुशासन का परिणाम



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, उत्तराखंड राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के सकारात्मक आंकड़े हमारे सतत विकास और सुशासन के प्रयासों का परिणाम हैं। जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय, एमएसएमई, स्टार्टअप और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति यह दर्शाती है कि उत्तराखंड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रोजगार सृजन, निवेश प्रोत्साहन और जनकल्याण को केंद्र में रखकर राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यहां-इतनी हुई बढ़ोत्तरी

राज्य में सड़कों की लम्बाई 51278 किमी हो गई है। हेलीपोर्ट 2 से 7 तो हेलीपैड 60 से 118 हो गए। प्राइमरी विद्यालयों में ड्रॉपआउट का अनुपात 1.64% से घटकर 1.41 % हो गया है, जबकि सेकेंडरी विद्यालयों में 7.65% से घटकर 4.59% हो गया है। शासकीय एवं अशासकीय डिग्री कॉलेजों की संख्या 139 हो गई है। इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी व निजी बढ़कर 52 हो गए हैं। राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़कर 16500 मिलियन यूनिट हो गया है। वर्ष 2022 में बिजली की खपत 12518 मिलियन यूनिट थी, जो 2024-25 में बढ़कर 17192 मिलियन यूनिट हो गई है। सौर ऊर्जा से 439 मेगावाट उत्पादन बढ़कर 1027 मेगावाट हो गया है। राज्य में शिशु मृत्यु दर घटकर 20 पर जबकि मातृ मृत्यु दर 103 से घटकर 91 पर आ गयी है। राज्य में लाइफ एक्सपेर्टेंसी की उम्र 71.7 साल से बढ़कर 73 साल हो गई है।

# गर्मी ने दिखाए तेवर, पारा 30 के पार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** तराई क्षेत्र में इस बार गर्मी ने समय से पहले ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मार्च के शुरुआती दिनों में ही हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं फरवरी माह भी पिछले दो वर्षों में सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि इस बार मार्च में ही गर्मी की अच्छीखासी शुरुआत हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार के एक्सट्रीम वेदर इवेंट्स इन द मंथ ऑफ मार्च चार्ट के अनुसार वर्ष 2025 में 27 मार्च को अब तक मार्च का उच्चतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री 2 मार्च को रहा था। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च में तापमान का उतार-चढ़ाव लगातार बना रहा है। वर्ष 2024 में मार्च का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और 2023 में 32.4 डिग्री रहा। खास बात यह है कि 2017 में मार्च का अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री तक पहुंच चुका है, जो ऑल टाइम रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है। वहीं न्यूनतम तापमान का ऑल टाइम रिकॉर्ड 3.4 डिग्री (1989) रहा है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि मार्च में कभी तेज गर्मी तो कभी ठंडी हवाओं और बारिश का मिश्रित असर देखने को मिलता रहा है, लेकिन इस बार फरवरी की असामान्य गर्मी और मार्च के शुरुआती दिनों में 30 डिग्री के पास पहुंचा तापमान यह संकेत दे रहा है कि तराई-भाबर में गर्मी जल्द ही रफ्तार पकड़ सकती है। छह मार्च को हल्द्वानी का तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री रहा।

### पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना जरूरी

**हल्द्वानी :** यदि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं होते और वर्षा सामान्य से कम रहती है, तो दिन के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। सुबह-शाम हल्की ठंडक और दोपहर में तेज धूप के कारण वायरल संक्रमण, डिहाइड्रेशन और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव और हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है।

### 23 डिग्री सेल्सियस पहुंचा नैनीताल का पारा

**नैनीताल :** पारे ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। तापमान 23 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा तो गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस नहीं हुई। गुरुवार दोपहर को धुंध ने नगर को अपने आगोश में ले लिया। सामने की पहाड़ियां भी धुंधली नजर आईं। शाम ढलते ही धुंध भी छंट गई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**सिटी ब्रीफ**

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद आज से जिले के चार दिवसीय दौरे पर

**हल्द्वानी :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस पहुंचें। यहां आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने उनका बुके देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। अधिकारियों के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद आज से जनपद नैनीताल के चार दिवसीय दौरे पर पहुंचें हैं। वह दोपहर लगभग तीन बजे सर्किट हाउस पहुंचें और कुछ देर के लिए हॉल्ट लिया। इसके बाद वह भीमताल के लिए रवाना हो गए। वह रात्रि विश्राम भीमताल में करेंगे। छह मार्च को मल्ला रामगढ़ और श्री रामचंद्र मिशन हिमालयन आश्रम सातखोल जाएंगे।

## विशाल देवतल्ला ने पास की सीए परीक्षा

**हल्द्वानी :** भगवानपुर निवासी विशाल देवतल्ला ने देश की प्रतिष्ठित चार्टेड



एकाउंटेंड परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। परिजनों के अनुसार, विशाल ने कई महीनों तक नियमित पढ़ाई की, तय समय-सारणी का पालन किया और पूरे समर्पण के साथ तैयारी की। उनके पिता आनंद बल्लभ ने कहा कि यह सफलता विशाल की मेहनत और धैर्य का परिणाम है। वहीं उनकी माता अंजना देवतल्ला ने भावुक होकर बताया कि बेटे की लगन ने आज परिवार का सपना पूरा कर दिया।

## नैनीताल रोड पर बुलेट और स्कूटी में टक्कर

**हल्द्वानी :** होली के दिन नैनीताल रोड पर दोपहर तेज रफ्तार बुलेट और स्कूटी में टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की दोपहर यह घटना नैनीताल रोड स्थित बीयर शीवा के पास हुई। हादसे में बुलेट सवार 27 वर्षीय आयुषी पांडे पुत्री खष्टी बल्लभ पांडे व स्कूटी सवार अंबिका विहार पनचक्करी निवासी अनुज कोठारी पुत्र आरसी कोठारी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल आयुषी को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दूसरे घायल की हालत ठीक है।

### वन विभाग ने मंगलवार की देर रात फतेहपुर रेंज के जंगलों से ट्रैंकुलाइज कर बाघ को पकड़ा, ढेला रेस्क्यू सेंटर भेजा गया

# फतेहपुर में दो महिलाओं को निवाला बनाने वाला बाघ पकड़ा गया !



बाघ को ट्रैंकुलाइज करने के बाद डीएफओ मर्तोलिया व टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आखिरकार तीन सप्ताह तक चुनौती बना बाघ, वन विभाग की पकड़ में आ गया है। बाघ को कॉर्बेट नेशनल पार्क ढेला रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। साथ ही बाघ के डीएनए सैंपल भी जांच के लिए भेजे जा रहे हैं ताकि तस्दीक हो सके कि दोनों महिलाओं को मारने वाला बाघ यही है।

वन अधिकारियों के अनुसार, रामनगर वन डिवीजन की फतेहपुर वन रेंज में बाघ ने दो महिलाओं को निवाला बना दिया था। तब से वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़े लगा दिए थे, साथ ही पशु चिकित्सकों के नेतृत्व में दो टीमें बाघ की तलाश कर रही थी।

वन विभाग ने पनियाली के जंगलों में पिंजड़ा लगाया था जिसमें भैंस को रखा था। बीते सोमवार की रात को बाघ पहुंचा और भैंस को खाकर चला गया लेकिन पिंजड़े में नहीं फंसा। मंगलवार को टीम घटना स्थल के समीप बने मचान में बैठी थी, तभी बाघ के आने की हलचल हुई। लगभग 30-40 मीटर की दूरी पर बाघ दिखाई दिया, वैसे ही डॉ. दुष्यंत शर्मा ने ट्रैंकुलाइज गन से बेहोश करने के लिए डॉट का निशाना लगाया। डॉ. शर्मा का निशाना सीधे बाघ के लगा और उसने भागने की कोशिश की। कुछ दूरी पर जाकर बाघ बेहोश होकर गिर गया। टीम ने सर्च शुरू की तो कुछ दूरी पर बाघ झाड़ियों में पड़ा मिला। टीम ने बाघ को रेस्क्यू कर तत्काल कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेस्क्यू सेंटर भेजा है। अब उसके डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए जांच के लिए भेजे जा रहे हैं ताकि महिलाओं को निवाला बनाने वाले बाघ का पता चल सके।

### दो सप्ताह के भीतर दो महिलाएं हुई थीं शिकार

**हल्द्वानी :** बाघ ने 12 फरवरी को फतेहपुर रेंज के अंतर्गत लामाचौड़ के जंगलों में बहू के साथ घास लेने गई गंगा देवी (66) पत्नी प्रेम भारती निवासी पीपलपोखरा और 25 फरवरी को कमला फतर्याल (55) निवासी कठघरिया को भी निवाला बना लिया था। दोनों घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा था और बाघ को पकड़ने की मांग की थी। इसके बाद वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाने के साथ ही पशु चिकित्सकों की टीमें भी लगाई थीं।

> बेशक, फतेहपुर के जंगलों से बाघ को पकड़ लिया गया है, उसके डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि पता चल सके कि महिलाओं को मारने वाला बाघ यही है। बाघ को ढेला रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। फिलहाल ग्रामीणों से अपील है कि जंगलों में जाने से परहेज करें। **-ध्रुव सिंह मर्तोलिया,** डीएफओ रामनगर वन डिवीजन

## यूजीसी के समर्थन में होगा जनसंपर्क

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी जिला कार्यालय में बैठक की गई। 15 मार्च को यूजीसी के समर्थन मे निकाले जाने वाली रैली की तैयारियों पर चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान और सुलेमान मलिक ने कहा कि भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर यूजीसी के बारे मे जानकारी देंगे और लोगों से रैली में शामिल में होने की अपील करेंगे। जिले में नैनीताल, भीमताल, कालाढूंगी, रामनगर, बैलपड़ाव, लालकुआं से भी लोग रैली में पहुंचेंगे। नुककड़ सभाओं से लोगों को यूजीसी का महत्व समझाया जा रहा है। इस दौरान जीआर टम्टा, आमिर, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, आरपी गंगोला, संजय टम्टा, रितिक कांत, सुंदरलाल बौद्ध रहे।

# किसान एक वाहन से टकराया, दूसरे ने रौंदा

### होली पर कुंवरपुर में हुए हादसे से परिवार में कोहराम, देर शाम घर लौटते समय चोरगलिया रोड पर हुआ हादसा

- पुलिस ने किसान को कुचलने वाले चार पहिया वाहन को किया सीज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सोबन सिंह। (फाइल)

**अमृत विचार :** होली पर गौलापार में बड़ा हादसा हो गया। घर लौट रहे बाइक सवार किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत की खबर से होली के जश्न में डूबे परिवार में कोहराम मच गया। चोरगलिया पुलिस ने किसान को कुचलने वाले वाहन को सीज कर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

देवला तल्ला, गौलापार निवासी सोबन सिंह (54 वर्ष) पेशे से किसान थे और यहां पत्नी व दो बेटों के परिवार के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक, 4 मार्च (होली) की शाम वह बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। वापसी के दौरान देवला तल्ला में हाईवे पर अचानक उनकी बाइक आगे जा रहे वाहन से टकरा गई। सोबन बाइक समेत सड़क पर गिर गए और तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें कुचल डाला। वाहन में पर्यटक सवार थे। घटना के बाद वाहन सवार लोग भाग नहीं सके। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में सोबन को डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार के साथ गांव में भी मातम पसर गया। इधर, गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

चोरगलिया थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

### रंग फेंकते समय करंट की चपेट में आया युवक

**हल्द्वानी :** होली खेलने के दौरान रंग फेंकते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। युवक को पहले एसटीएच ले जाया गया, जहां से परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के मुताबिक टीपीनगर चौकी के पास स्थिति श्री श्याम कालोनी में यह घटना बुधवार को हुई। बताया जाता है कि यहां रहने वाला 18 वर्षीय ध्रुव नेगी दोस्तों के साथ रंग खेल रहा था। ध्रुव ने एक बर्तन में फरा रंग किसी पर फेंका और रंग सामने से गुजरे तारों पर पड़ गया। रंग की धार के साथ फैले करंट ने ध्रुव को बुरी तरह झुलसा दिया। एंबुलेंस के पहुंचने में देरी हुई तो लोग खुद उसे लेकर डॉ.सुशीली तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। युवक के हाथ झुलसे थे। एसएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायल को किसी और अस्पताल में ले गए।

## होलिका दहन की अगली रात आढ़ती ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- किसी से विवाद के बाद परिजनों ने जाने से रोका तो लगाई फांसी
- पुलिस के पहुंचने से पहले आढ़ती को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

**अमृत विचार :** होलिका दहन की अगली रात एक आढ़ती ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने आढ़ती को फंदे से उतारा और उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुखानी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सूर्या गांव में रहने वाले लाल सिंह सूर्या मुखानी थानाक्षेत्र के छड़ायल स्थित प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में पत्नी व परिवार के साथ रहते थे और बड़ी मंडी में उनकी आढ़त है। बताया जाता है कि बीती 3 मार्च की रात लाल सिंह का किसी से विवाद हो गया था। विवाद के बाद वह घर पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें दोबारा बाहर जाने से मना किया। जिसके बाद उन्होंने कमरे में जाकर फांसी लगा दी। काफी देर तक जब कमरे से आहट नहीं मिली तो परिजन दरवाजा खोल कर अंदर पहुंचे। सामने सूर्या का शव फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में उन्हें फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उन पर कर्ज की बात भी सामने आ रही है। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि परिजनों ने घटना की सूचना नहीं दी। मामला संज्ञान में है और जांच की जा रही है।

## किशोरियों को आज से लगेगी एचपीवी वैक्सीन

संवाददाता, हल्द्वानी

- 14 से 15 साल की किशोरियों को लगाना लक्ष्य, करीब 9000 किशोरियों को लगाई जाएगी यह एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार:** 14 से 15 साल की लड़कियों को आज यानी शुक्रवार से एचपीवी वैक्सीन (ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीका) लगना शुरू हो जाएगी। होली की वजह से वैक्सीन लगाने का काम रुका हुआ था। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) सहित कई प्रकार के कैंसर और जननांग मस्सों से बचाने वाली एक अत्यधिक प्रभावी और सुरक्षित वैक्सीन है।




जिला प्रतिरक्षण विभाग के अनुसार नैनीताल जिले में कुल 17 सेंटर बनाए गए हैं। इनमें डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल, सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल, राजकीय महिला अस्पताल हल्द्वानी, बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल भी शामिल हैं। इनके अलावा अन्य सीएचसी और पीएचसी सेंटरों में भी वैक्सीन लगाई जाएगी। जिस उम्र की लड़कियों को वैक्सीन लगाई जाने वाली है इस उम्र की लड़कियां ज्यादातर 10वीं की छात्रा होती हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि हाईस्कूल की परीक्षा खत्म होने के बाद वैक्सीन लगाने की संख्या में तेजी आएगी। फिलहाल 28 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर उद्घाटन होने के बाद भी वैक्सीन लगाने का काम होली की वजह से अटका रहा। हर सप्ताह को चार दिन यह वैक्सीन लगाई जाएगी। नैनीताल जिले में करीब 9000 लड़कियां इस उम्र की हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पास करीब 9400 वैक्सीन मौजूद हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि अगले तीन माह तक इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। पूरा अनुमान है कि अगले तीन माह में वैक्सीन लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## बेस अस्पताल में एक वर्ष से ठप पड़ी है सीटी स्कैन मशीन

- सड़क चौड़ीकरण में की गई थी मशीन की शिफ्टिंग, तब से ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में पिछले लगभग एक वर्ष से सीटी स्कैन मशीन खराब है, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के दौरान मशीन को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से यह मशीन दोबारा चालू नहीं हो पाई और सीटी स्कैन की सेवा पूरी तरह ठप है।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मशीन काफी पुरानी हो चुकी थी और शिफ्टिंग के बाद तकनीकी रूप से इसे दोबारा शुरू करना संभव नहीं हो पाया। अधिकारियों के अनुसार मशीन की कार्यक्षमता पहले ही सीमित हो चुकी थी और अब इसे संचालित करना व्यावहारिक नहीं है।

अस्पताल के पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने नई सीटी स्कैन मशीन मंगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है, लेकिन अब तक इस प्रस्ताव पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अस्पताल में आधुनिक जांच सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

बेस अस्पताल में पूरे कुमाऊं मंडल से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पहले यहां प्रतिदिन औसतन 10 से 15 मरीजों के सीटी स्कैन किए जाते थे। दुर्घटना, सिर की चोट, ब्रेन स्ट्रोक, फेफड़ों और पेट से संबंधित गंभीर बीमारियों की जांच के लिए सीटी स्कैन बेहद आवश्यक होता है। सेवा बंद होने से गंभीर मरीजों की जांच में देरी हो रही है। वर्तमान में मरीजों को सीटी स्कैन के लिए तीन किलोमीटर दूर स्थित डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल जाना पड़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में यह दूरी मरीजों और उनके परिजनों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कई बार मरीजों को निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

### न्यूरोसर्जन और सीटी स्कैन मशीन बहुत जरूरी

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में अभी हाल तक न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल सप्ताह में एक दिन ओपीडी में मरीज देखते थे लेकिन अब उन्होंने नौकरी छोड़ दी है। अस्पताल में नौ बेड का आईसीयू भी शुरू कर दिया गया है। अब यहां पर न्यूरोसर्जन की नियमित नियुक्ति हो जाए और साथ ही सीटी स्कैन मशीन शुरू कर दी जाए तो मरीजों को काफी लाभ होगा।

## काठगोदाम में युवक-युवती पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थानाक्षेत्र में शाम को अपनी एक दोस्त को लेने पहुंचे युवक पर कार, ऑटो और बाइक सवार लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमला करने वालों में एक लड़की थी। अचानक हुए हमले में धारदार हथियार से युवक के पेट और हाथ पर कई वार कर लहूलुहान कर डाला गया। लोगों ने दो हमलावरों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। लहूलुहान युवक को उसी के दोस्तों ने बाइक पर बैठा कर सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल की मां ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस गिरफ्त में दो आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

वार्ड नंबर 13 कुष्ठ आश्रम के पास राजपुरा निवासी बच्ची देवी पत्नी किशोर राम ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा, 5 मार्च की शाम करीब सवा 5 बजे उनका 18 वर्षीय बेटा हेम आर्या अपनी मित्र आनंदपुरी फेज 2 मुखानी निवासी गीता उर्फ खुशी पुत्री दानिश को लेने काठगोदाम गया था। आरोप है कि दोनों रेलवे स्टेशन के पास चस्का चाय कैफे के सामने थे कि तभी खुशी की दोस्त हेम और उसके दोस्तों ने हेम और गीता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

एक के बाद हेम पर धारदार हथियार से कई हमले कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। यह देख उसकी दोस्त खुशी बेहोश हो गई। आरोपी कार, ऑटो और बाइक पर सवार होकर आए थे। आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो पाते, इससे पहले ही दो आरोपी सोनू पुत्र चंद्रपाल और सचिन कश्यप पुत्र बिजेंदर कश्यप को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दोस्तों ने हेम को बेस अस्पताल पहुंचाया। । काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## होली पर आपसी झगड़े में तीन गंभीर जख्मी, क्रास रिपोर्ट दर्ज

- कहासुनी के बाद हमलावरों ने धारदार हथियार से किया हमला

संवाददाता, लालकुआं



लालकुआं क्षेत्र में होली पर्व मनाते भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र में छिटपुट मारपीट की घटनाओं के बीच होली पर्व लालकुआं कोतवाली क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। इधर बिंदुखत्ता में हुए झगड़े में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि दोनों पक्षों द्वारा कोतवाली में घटना की तहरीर दी गई है।

लालकुआं कोतवाली में दी गई तहरीर में प्रेम प्रकाश का कहना है कि काररोड बिन्दुखत्ता क्षेत्र में वह अपने घर के समीप मौजूद थे, तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी के बाद हमलावरों ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान जब उनके दामाद सागर आर्य बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनका अंगूठा कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले से रंजिश रखते थे और सुनियोजित तरीके से हमला करने आए थे। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष ने भी लालकुआं कोतवाली में तहरीर देते हुए उक्त लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा के अनुसार दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है, जिसमें एक पक्ष से दो एवं दूसरे से एक के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। उक्त घटना के अलावा क्षेत्र में शांतिपूर्ण होली संपन्न हुई।

## जनपद नैनीताल में 31 होम स्टे के लाइसेंस किए निरस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने अवैध तरीके से होम स्टे संचालन करने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। प्रशासन की औचक जांच में अनियमितताएं मिलने पर 31 होम स्टे के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, जिले में होम स्टे के संचालन में गड़बड़ियों की शिकायत मिल रही थी। सबसे ज्यादा शिकायतें यह थी कि अन्य राज्यों के लोग पहाड़ी स्थानों पर भूमि खरीद कर होम स्टे बना रहे हैं। वे स्वयं तो अन्य राज्यों में रहते हैं लेकिन यहां होम स्टे संचालित करते हैं। नियमानुसार, होम स्टे योजना विशुद्ध रूप से यहीं रहने वाले लोगों के लिए है। नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में कई होम स्टे ऐसे मिले जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे, जबकि कई में अनियमितताएं थीं। इसके बाद कुल 31 होम स्टे के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। डीएम रयाल ने बताया कि नैनीताल, रामनगर, रामगढ़, मुक्तेश्वर और भीमताल क्षेत्रों में संचालित हो रहे होम स्टे की जांच में कई होमस्टे के दस्तावेज अधूरे मिले तो कुछ जगहों पर नियमों की अनदेखी कर व्यावसायिक प्रयोग किया जा रहा था। जिसके चलते 31 होम स्टे के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रामनगर में ट्रंप और नेतन्याहू का पुतला फूंका

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का पुतला दहन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अमेरिका-इजराइल गठजोड़ द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ रामनगर में विभिन्न संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला दहन किया गया।

इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों और एक आजाद देश की संप्रभुता का घोर उल्लंघन करते हुए ईरान पर हमला किया जा रहा है। ट्रंप-नेतन्याहू न सिर्फ खुलेआम ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इलाकों पर भी बम बरसा रहे हैं। वहां एक स्कूल पर बमबारी कर 150 से भी अधिक बच्चियों की हत्या कर दी गई है। वक्ताओं ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवादी दुनिया में अपने घटते प्रभुत्व से बदहवास हैं और धौंस-पट्टी व अपनी सामरिक ताकत के बल पर दुनिया पर दबदबा कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस हमले का मकसद रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और तेल-गैस संसाधनों से संपन्न मध्य-पूर्व में अपना पूर्ण नियंत्रण कायम करना है। वक्ताओं ने कहा कि इससे पूर्व अमेरिकी साम्राज्यवादियों ने वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया था। आज पूरी दुनिया इनके कृत्यों की घोर निंदा कर रही है, लेकिन भारत सरकार ने ईरान पर हमले के विरुद्ध कोई आधिकारिक बयान तक जारी नहीं किया है। इस मसले पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी शर्मनाक है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, भुवन चंद्र, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिम्वाल, गीता देवी, प्रभा देवी, महिला एकता मंच की ललिता रावत, उपपा के प्रभात ध्यानी, मो. आसिफ, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के रवि, बबली एवं गिरीश आर्य ने भागीदारी की।

## चोरी करने आया और शराब पीकर सो गया, पकड़ा गया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** होली के दौरान एक अजीब घटना सामने आई है। अयारपाटा क्षेत्र में एक युवक चोरी की नीयत से होमस्टे में घुसा लेकिन वहां रखी शराब देखकर उसका मन ललचा गया और बैठकर शराब पीने लगा और धुत होकर वहीं सो गया। बाद में पकड़ा गया।

एसआई प्रवीण तेवतिया ने बताया कि अयारपाटा निवासी प्रदीप बोरा घर के पास ही एक होमस्टे संचालित करते हैं। होली से एक रात पहले वह रोज की तरह होमस्टे में ताला लगाकर घर चले गए। देर रात 12:30 बजे एक युवक होमस्टे में सेंधमारी कर अंदर घुस गया। चोरी के इरादे से उसने कमरों की तलाशी ली और अलमारियां भी खंगालीं लेकिन उसे कोई कीमती सामान नहीं मिला। जब वह किचन में पहुंचा तो वहां रखी शराब की बोतल पर उसकी नजर पड़ गई। बस फिर क्या था, वह आराम से बैठकर शराब पीने लगा। युवक ने अकेले ही पूरी बोतल शराब खत्म कर दी। नशा ज्यादा होने के कारण वह होम स्टे के भीतर ही सो गया। अगली सुबह जब प्रदीप होमस्टे पहुंचे तो देखा अनजान युवक को बेसुध देख पुलिस को सूचना दी। युवक की पहचान स्ट्रॉबेरी लॉज निवासी 33 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है। उसके परिजनों ने बताया कि राकेश लंबे समय से नशे का आदी है। मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने युवक का पुलिस एक्ट के तहत चालान किया है। उसके परिजनों के अनुरोध पर सुधारात्मक कदम के तौर पर नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया है।


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव
उत्तराखंड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
4 जन-जन की सरकार
साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
शिलान्यास एवं लोकार्पण
₹ 312.32 करोड़ की लागत से 19 परियोजनाओं का शिलान्यास
तथा
₹ 115.09 करोड़ की लागत से 32 परियोजनाओं का लोकार्पण
ऐतिहासिक निर्णयों से विकास को नई गति
• समान नागरिक संहिता - 2025
• सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023
• सख्त भू-कानून 2025
• जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
• नये आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन
• दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
• उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
• अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण
उत्कृष्ट प्रदर्शन, सशक्त पहचान
• एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
• भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान
• ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
• स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
• Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
• "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
• Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
• गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त
देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर
श्री अमित शाह
मा. गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
विकास भी विरासत भी
मुख्य कार्यक्रम
शनिवार, दिनांकः 07 मार्च 2026 । समयः प्रातः 10:00 बजे
स्थानः वैरागी कैम्प, हरिद्वार, उत्तराखण्ड
इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के उत्तराखण्ड आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत विकास, अवसंरचना, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिससे उत्तराखण्ड सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है।
-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR



होली के अवसर पर ऊंचापुल स्थित आवास पर होली खेलते विधायक बंशीधर भगत व कार्यकर्ता।



विधायक सुमित हृदयेश ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ रंगों का पर्व मनाया। ● अमृत विचार



होली के गीतों पर थिरकते आयुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, डीएम ललित मोहन रयाल व अन्य।

# खाकी की कपड़ा फाड़ होली, रंग के गड्ढे में लगवाई डुबकी

## आईजी, एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने खेली होली, कोतवाली में खोदा रंग से भरा गड्ढा, जो मिला उसे उठा कर फेंका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली खेलने के अपने अनोखे अंदाज के लिए मशहूर पुलिस ने इस बार भी जमकर होली खेली। इस बार तो एसएसपी आवास के बगल में रंगों वाला गड्ढा खुदवाया गया। होली के रंग में सरोबार पुलिस कर्मियों को जो भी मिला, उसे उठाकर रंग से भरे गड्ढे में फेंक दिया।

आमजन की होली के अगले दिन यानी गुरुवार को जिले के पुलिस कर्मी होली पर जमकर झूमे। आईजी रिद्धिम अग्रवाल और एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी समेत सभी पुलिस अधिकारियों के आवासों, कोतवाली, थानों, पुलिस चौकियों और फायर स्टेशन में जमकर रंग खेला गया। हल्द्वानी कोतवाली में तो होली की तैयारी पुलिस ने तीन दिन पहले गड्ढा खोदने के साथ शुरू कर दी थी। गुरुवार को यहां एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी समेत पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और डीजे की ऊंची आवाज पर जमकर तिरके। पकड़-पकड़ कर लोगों को गड्ढे में डुबोया और खींच-खींच कर कपड़े फाड़े।



कोतवाली के पीछे खोदे गए रंग से भरे गड्ढे में होली खेलते एसएसपी मंजूनाथ टीसी और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### रंगों के साथ ही आपसी प्रेम व सौहार्द का पर्व है होली : सुमित

**हल्द्वानी :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने भी आवास विकास स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ रंगों का पर्व मनाया। कांग्रेस पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी विधायक के आवास पहुंचकर अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक सुमित ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द व भाई चारे का पर्व है। इस दिन सभी आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम के रंग में सराबोर हो जाते हैं। अंत में सभी को गुझिया खिलाकर सभी का अभिनंदन किया। इस दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक भगत के घर पर मनाया गया रंगों का पर्व

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की थाप, होली के पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति पर उपस्थित जनसमूह झूम उठा। विधायक भगत ने सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों के त्योहार के साथ ही प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह त्योहार आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सहयोग और सद्भाव के साथ समाज को आगे बढ़ाने का संदेश देते हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, कमल नयन जोशी, महेश शर्मा, प्रमोद तोलिया, मनोज पाठक, प्रताप बोरा, संदीप सनवाल, प्रकाश पटवाल रहे।

### कमिश्नर आवास पर रही छलड़ी की धूम

**हल्द्वानी :** शहर में बुधवार को छलड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाई। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के सरकारी आवास पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। सुबह से ही कमिश्नर आवास पर मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। कमिश्नर रावत ने सभी का स्वागत किया और पारंपरिक तरीके से होली खेली। इस अवसर पर आईजी रिद्धिम अग्रवाल, डीएम ललित रयाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, हिमांशु बागरी समेत ऊधम सिंह नगर व अल्मोड़ा जिले के प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और रंगों के पर्व का आनंद लिया। कमिश्नर रावत ने कहा होली के रंग जीवन में उत्साह, उमंग का संचार करते हैं। यह पर्व समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम है। यह पर्व प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान कुमाऊंनी होली के गीतों पर अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकार जमकर झूमते नजर आए।

### सरोवर नगरी में धूमधाम के साथ मनी होली

**नैनीताल :** सरोवर नगरी नैनीताल में रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थानीय लोगों के साथ ही विभिन्न राज्यों के पर्यटकों ने भी जमकर होली खेली। इस मौके पर बाजार, प्रमुख चौराहे और पर्यटन स्थल रंगों से सराबोर नजर आए। पर्यटकों के पहुंचने से शहर के लगभग 50 से 60 प्रतिशत से अधिक होटल और गेस्ट हाउस फुल रहे, जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरों पर भी रौनक दिखाई दी। पर्यटकों ने नैनी झील, मालरोड और आसपास के पर्यटन स्थलों का आनंद लेते हुए स्थानीय लोगों के साथ रंगों के इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया। होली मनाने की शुरुआत सुबह मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने मंदिर में पहुंचकर मां नैना देवी के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर रंगों का उत्सव शुरू हो गया। गांधी चौक में स्थानीय लोक गायकों और होलियारों ने पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। शहर के तमाम लोग गांधी चौक में एकत्र हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कई सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के लोगों ने भी अलग-अलग स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम किए। लोगों ने पारंपरिक गीत-संगीत के साथ रंगों का उत्सव मनाया।

पहाड़ में होली बेहद शांत रूप से मनाई गई जबकि मैदानी क्षेत्रों में हुड़दंगी होली मनाई जाती है वहां एक दूसरे के कपड़े फाड़, जबरन रंग और कीचड़ लगाकर वह अन्य चीज का प्रयोग कर होली मनाई जाती है लेकिन पहाड़ में होली शांति के साथ मनाई जा रही है और जबरन किसी को रंग नहीं लगाया जा रहा उन्हें नैनीताल में होली खेलकर बेहद अच्छा लगा। **-दीपशिखा**, पर्यटक, हरियाणा

पहली बार होली के दौरान परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आए हैं। नैनीताल का माहौल बेहद शांत है और यहां जबरन एक दूसरे को रंग नहीं लगाया जा रहा है। उन्होंने परिवार के साथ नयना देवी मंदिर जाकर उन्होंने होली मनाई इसके बाद नैनीताल के विभिन्न पर्यटक स्थल घूमे उन्हें बेहद अच्छा लगा। **-स्नेहा**, पर्यटक, गुरुग्राम



जंगलियागांव में झोड़ा गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### होली के समापन पर मंदिरों में भंडारे का आयोजन

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और पुरुषों की ओर से होली गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को छलड़ी के बाद टीका के अवसर पर गांव के अधिकांश मंदिरों में पूजा-पाठ के बाद आलू और हलवे का भंडारा किया गया। ग्राम प्रधान जंगलिया गांव की राधा कुल्याल ने शांतिपूर्ण ढंग से होली के संपन्न होने पर मातृ शक्ति और ग्रामीणों का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने झोड़े गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया और अगले वर्ष और अधिक उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कानेली, कनाला, मालगांव, बूढ़ाधूरा आदि गांवों की महिलाओं ने भागीदारी की।

### ग्राफिक एरा भीमताल परिसर में अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने मनाई होली

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के भीमताल परिसर में होली अवकाश के दौरान हॉस्टल में रह रहे अंतरराष्ट्रीय तथा अन्य राज्यों के छात्रों के लिए विशेष होली उत्सव का आयोजन हुआ। परिसर में अवकाश होने के बावजूद लगभग 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्र और अन्य राज्यों के विद्यार्थी हॉस्टल में ही रह रहे हैं। होली समारोह में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने हर्बल रंगों से होली खेली, जिन्हें परिसर के कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों द्वारा विशेष रूप से तैयार किया था। इस दौरान छात्रों ने पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ लोकप्रिय पश्चिमी गीतों पर भी जमकर नृत्य किया। छात्रों के लिए विशेष लंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक मिठाई गुजिया सहित कई व्यंजन परोसे गए। छात्रों ने कहा कि यह होली उनके हॉस्टल जीवन की सबसे यादगार और खुशनुमा यादों में से एक बन गई है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने विशेष रूप से अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में अपने शैक्षणिक प्रवास के दौरान यह होली उनके लिए एक अनोखा और अविस्मरणीय अनुभव रहेगा।



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में होली मनाते अंतरराष्ट्रीय छात्र।

### झोड़ों की गूंज के साथ होली का समापन

**हल्द्वानी :** पहाड़ों की महिलाओं ने पारंपरिक 'झोड़ा' गाकर पहाड़ की संस्कृति को ताजा किया। मंदिरों में जहां शास्त्रीय होली के स्वर गूंजे, वहीं गांव की चौपालों और आंगन में महिलाओं ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। केसरिया और लाल रंग के पारंपरिक 'रंग्वाली पिछौड़े' पहने महिलाओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर गोल घेरा बनाया और सामूहिक नृत्य के साथ मधुर स्वर में झोड़े गाए। जब महिलाओं की टोली ने झोड़े की पंक्तियां छेड़ी 'ओ लाली हो लाली, होसिया... फागुन की ऋतु आई रे लाली' तो पूरा इलाका फाल्गुनी बयार से झूम उठा। इन गीतों में न केवल होली का उल्लास था, बल्कि पहाड़ की समस्याओं, हंसी-ठिठोली और देवर-भाभी के रिश्तों की मीठी नोक-झोंक को भी बड़े ही सुंदर ढंग से पिरोया था।



होली के अवसर पर चांदनी चौक गरवाल में महिलाओं ने जमकर खेली होली। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही होल्यारों की टोलियां लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर और टीका कर गले मिलते हुए होली की बधाई देती नजर आईं। होल्यार डीजे की धुन पर जमकर थिरकते दिखे। बच्चों ने भी पिचकारी और गुब्बारों में रंग भरकर एक-दूसरे पर डालते हुए खूब मौज-मस्ती की। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

### मंदिर से शुरू हुई होली का मंदिर में ही समापन

**हल्द्वानी :** छलड़ी के साथ ही रंगों का महापर्व होली बुधवार को विदा हो गया। चंग, ढोलक और मजीरों की थाप जो पिछले कई दिनों से कुमाऊं की घाटियों में गूंज रही थी, अब शांत हो गई है। 27 फरवरी को मंदिरों से शुरू हुआ यह रंगों का उत्सव परंपरा के अनुसार बुधवार को मंदिरों में ''चीर बंधन'' और ''टीका'' के साथ विसर्जित हुआ। 27 फरवरी से शुरू हुई इस बैठकी होली के शास्त्रीय रागों से लेकर खड़ी होली के ओजपूर्ण गीतों ने पूरे वातावरण को फाल्गुनी बना दिया। समापन के अवसर पर स्थानीय मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। होल्यारों ने 'जल कैसे भरूँ री यमुना के तीर' और 'सिद्धि को दाता विनायक' जैसे पारंपरिक पदों का गायन कर भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित किया। मान्यता है कि कुमाऊं में होली की पहली आहट मंदिर के प्रांगण से होती है और अंतिम रंग भी भगवान के चरणों में ही चढ़ाया जाता है। बुधवार को होल्यारों ने एक-दूसरे को अबीर का टीका लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिरों से 'चीर' का विसर्जन किया गया, जिसके साथ ही इस वर्ष के मुख्य उत्सव का समापन हुआ।



कालाढूंगी में होली के पर्व पर रंगों से सराबोर होल्यारों की टीम।

### रील व शॉर्ट्स में छाई कुमाउनी संस्कृति

**हल्द्वानी :** इस बार होली के दौरान युवाओं में कुमाऊनी संस्कृति का खासा उत्साह देखने को मिला। कई युवाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर सोशल मीडिया पर रील और शॉर्ट्स बनाकर अपनी संस्कृति को नए अंदाज में प्रस्तुत किया।

बालिकाओं और महिलाओं ने पारंपरिक रंग्वाली पिछौड़ा और युवाओं ने कुमाऊंनी टोपी पहनकर झोड़ा और होली गीतों पर वीडियो बनाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक पर 'हाय तेरी कांछी' और 'लाली हो लाली' जैसे झोड़ा गीतों पर बनाए गए वीडियो काफी पसंद और शेयर भी हुए। युवा भास्कर पांडे ने बताया कि इससे वह संस्कृति को नई पीढ़ी और दुनिया तक पहुंचाना चाहते हैं।

## दिल्ली रूट की ट्रेनें पैक सीटों के लिए मारामारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली के बाद दिल्ली वापस जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। दिल्ली जाने वाली अधिकांश ट्रेनें पैक हो चुकी हैं। अगले कई दिनों तक वेटिंग की स्थिति बनी हुई है।

काठगोदाम से दिल्ली के लिए चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सेकेंड सीटिंग श्रेणी में आठ मार्च तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं एसी चेयर कार में 12 मार्च तक सीटें पैक हैं। इसी तरह शताब्दी एक्सप्रेस में भी सीटों की भारी मांग देखने को मिल रही है। इस ट्रेन की सेकेंड सीटिंग (इकोनॉमी क्लास) में 12 मार्च के बाद ही सीटें उपलब्ध हैं, जबकि चेयर कार में नौ मार्च से सीटें मिलने की संभावना है। वहीं रानीखेत एक्सप्रेस की स्थिति और भी ज्यादा व्यस्त है। इस ट्रेन के फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी और स्लीपर क्लास सभी श्रेणियों में 19 मार्च तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। इससे साफ है कि होली पर घर जाने के लिए यात्रियों ने पहले से ही बड़ी संख्या में टिकट बुक करा लिए हैं। यही हाल लखनऊ जाने वाली स्पेशल ट्रेन और बाघ एक्सप्रेस का भी है। इसमें अगले एक सप्ताह तक किसी भी श्रेणी में सीटें नहीं हैं।

### होली पर दोनहरिया क्षेत्र में पानी गायब

**हल्द्वानी :** होली के दिन शहर के दो नहरिया क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को क्षेत्र में पानी नहीं आने से नाराज लोग गुरुवार को शिकायत लेकर जल संस्थान के कार्यालय पहुंच गए और अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है। त्योहार के दिन भी पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर जल संस्थान के एई ने बताया कि दो नहरिया क्षेत्र की पानी की सप्लाई वाले वाल्व में कूड़ा भर जाने से दिक्कत हुई थी। अब वाल्व की सफाई कर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति नियमित कर दी गई है।


अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी 2026

"कृषि कुंभ - 2026"

गांधी पार्क

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर

13-16 मार्च, 2026

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (1960 में स्थापित भारत में हरित क्रांति का अग्रदूत) कृषि शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार और प्रौद्योगिकी विकास में अग्रणी रहा है। विश्वविद्यालय ने उच्च उपज देने वाली और रोग प्रतिरोधी फसल किस्मों, उन्नत फसल उत्पादन तकनीकों और नवोन्मेषी कृषि उपकरणों के विकास में भी योगदान दिया है।

इन नवाचारों को प्रदर्शित करने और कृषि समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए प्रसार शिक्षा निदेशालय, जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर दिनांक 13-16 मार्च, 2026 को 119वें अखिल भारतीय किसान मेले और कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी (कृषि कुंभ) का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में कृषि और संबन्धित क्षेत्रों से जुड़े 500 से अधिक अनुसंधान संस्थान / कंपनियां/निर्माता/वितरक प्रतिभाग करते हैं और अपनी प्रौद्योगिकियों / उत्पादों का प्रदर्शन / बिक्री करते हैं। किसानों/छात्रों / शोधकर्ताओं / हितधारकों की अनुमानित उपस्थिति लगभग 40-50 हजार तक होती है।

मुख्य आकर्षण





उद्घाटन समारोह
13 मार्च, 2026 प्रातः 10:00 बजे गांधी हॉल

प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता
(फल, सब्जियाँ, पुष्प एवं प्रसंस्कृत उत्पाद)
13-14 मार्च, 2026

पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता
13 मार्च, 2026 प्रातः 10:00 बजे
पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण





दुग्ध पशुओं की नीलामी
14 मार्च, 2026 दोपहर 2:00 बजे
शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला

वैज्ञानिकों के विशेष व्याख्यान
13-15 मार्च, 2026 अपराह्न 3:00-3:30 बजे गांधी हॉल

किसान गोष्ठी (कृषक संवाद कार्यक्रम)
13-15 मार्च, 2026 अपराह्न 3:30-6:30 बजे गांधी हॉल

सांस्कृतिक कार्यक्रम
13-15 मार्च, 2026 सायं 7:00-8:30 बजे गांधी हॉल

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह
16 मार्च, 2026 गांधी हॉल

प्रसार शिक्षा निदेशालय कृषक समुदाय के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

आइए, जुड़ें हमारे साथ !

हम किसान भाइयों, उद्यमियों, कृषि-उद्योगों, वैज्ञानिकों एवं अन्य हितधारकों को इस भव्य कृषि आयोजन में सहभागिता हेतु सादर आमंत्रित करते हैं। आइए, ग्रामीण समुदाय के उत्थान एवं भारतीय कृषि को सशक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करें।

सशक्त महिला - समृद्ध खेती"



डॉ. मनमोहन सिंह चौहान
कुलपति
गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर

पत्रांक : सं.नि./756 दिनांक : 02-03-2026

# युवती ने किया सुसाइड, चिता से शव उठाकर पोस्टमार्टम को भेजा

## परिजनों और पुलिसकर्मियों के बीच हुई नोकझोंक, महेशपुर गांव का है मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के महेशपुर गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही जब पुलिस अस्पताल पहुंची तो परिवार वाले चुपचाप युवती का दाह संस्कार करने की कोशिश करने लगे। काफी जद्दोजहद व नोकझोंक के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने सुसाइड प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।

बताते चलें कि बुधवार की दोपहर जिला अस्पताल से कोतवाली पुलिस को एक मेमो प्राप्त हुआ है। जिसमें एक 18 वर्षीय युवती ने सुसाइड किए जाना अंकित था। सूचना मिलते ही जब एक सिपाही और पीआरडी का जवान जिला अस्पताल पहुंचा तो पता चला कि युवती के परिवार वाले जबरन शव को उठाकर अपने साथ ले गए और दाह संस्कार करने का प्रयास कर रहे हैं।

आनन फानन में पुलिस के जवान गांव महेशपुर पहुंचे और चुपचाप हो रहे अंतिम क्रिया को रोकने की कोशिश की। जिसको लेकर परिजनों और पुलिस कर्मियों में तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस कर्मियों ने धक्का-मुक्की करने के बाद शव को छीन लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि 18 वर्षीय युवती का शव फंदे पर लटका हुआ था। सुसाइड की वास्तविक वजह क्या है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है और गोपनीय अंतिम संस्कार करने वालों से भी पूछताछ होगी। पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। जहां सुसाइड नोट मिला है। इसके साथ ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कालीनगर में प्रेम प्रसंग के चलते किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**दिनेशपुर :** युवक की इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदली, कथित धोखे से आहत होकर 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दिनेशपुर थाना अंतर्गत कलीनगर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के 17 वर्षीय अनुज राठौर ने अपने ही घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अनुज राठौर पांच भाई –बहनों में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, अनुज की कुछ समय पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से एक लड़की से दोस्ती हुई थी। धीरे–धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और यह दोस्ती प्यार में बदल गई। हाल ही में लड़की द्वारा कथित रूप से रिश्ता तोड़ने और बातचीत बंद कर देने से अनुज काफी मानसिक तनाव में था। होली के दिन वह किशोरी से मिलने खटीमा भी गया। वहां उसने मिलने से इनकार कर दिया था। इसी तनाव में आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। **उधर,** समाजसेवी किशोर हालदार ने कहा है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच यह घटना एक बार फिर सोचने पर मजबूर करती है कि किशोरावस्था में भावनात्मक समर्थन और परामर्श कितना जरूरी है।



अनुज राठौर। (फाइल)



दिनेशपुर में रोते बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## घर में घुसकर तमंचा ताना और दी जान से मारने की धमकी

**बाजपुर:** बेरिया रोड स्थित नरखेड़ा कॉलोनी में घर में घुसकर गाली-गलौज करने और तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नरखेड़ा कॉलोनी निवासी हीरालाल पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति, मेहता कॉलोनी और भौना कॉलोनी निवासी अपने दो साथियों के साथ एक राय होकर उसके घर में जबरन घुस आया। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर एक आरोपी ने हीरालाल पर तमंचा तान दिया।

पीड़ित के अनुसार, जब उसकी माता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन पर भी तमंचा तानकर उन्हें धक्का दे दिया। शोर मचने पर जब ग्रामीण मौके पर एकत्र होने लगे, तो तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महतोष मोड़ के दुकानदारों को नहीं उजाड़ने की लगाई गुहार



महतोष मोड़ के लोगों के साथ डीएम से वार्ता करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

- **दुकानदारों के साथ विधायक अरोरा ने की डीएम से मुलाकात**
- **बोले-दशकों से दुकान चलाकर चला रहे हैं अपनी आजीविका**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने महतोष मोड़ के दुकानदारों के साथ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी से कहा कि महतोष नहर किनारे कई दशकों से गुजर बसर कर अपनी आजीविका चलाने वाले 70-80 छोटे दुकान जिन पर न्यायालय के आदेश के बाद हटाये जाने की तलवार लटकी नजर आ रही है। इनको वहां से उजाड़ा न जाए। कारण वे कई पीढ़ी से अपनी आजीविका चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान विधायक अरोरा ने बताया कि विगत दिनों न्यायालय के अनुपालन में एसडीएम अतिक्रमण हटाने के लिए महतोष मोड़ पहुंची थी। ये दुकानदार नहर किनारे दशकों से खोका लगाकर अपनी गुजर बसर कर रहे हैं। साथ ही विद्युत विभाग ने दुकानदारों के कनेक्शन काट दिए थे। स्थानीय दुकानदारों की सूचना पर विधायक अरोरा मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने तुरंत विद्युत विभाग को निर्देशित कर कटे कनेक्शन जुड़वाने का कार्य किया था। साथ ही मौके पर अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्यवाही को एक बार रुकवा दिया था।

इसको लेकर ही विधायक अरोरा ने महतोष मोड़ के दुकानदारों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यदि किन्हीं कारणवश बहुत जरूरी होता है तो उनको हटाए जाने से पूर्व पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। जिससे वे अपनी आजीविका चला सके। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने एडीएम पंकज उपाध्याय की देखरेख में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। जो सभी के पक्षों के तथ्यों को सुनेगी और अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, दयाल सिकदार, सुशील विश्वास, सुरेश चंद्र विश्वास, प्रीतीश बाला, दयाल सिकंदर, आनंद सिकंदर, समर मंडल, तपन विश्वास, जितेन विश्वास, प्रहलाद, सुरेश विश्वास, मेघनाथ बनिक, वीरेंद्र विश्वास, विपुल विश्वास, पंकज विश्वास, योगेश आदि मौजूद रहे।

## पत्नी के नाम बनाई फर्म फिर नहीं भरा आयकर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने पत्नी के नाम पर फर्जी फर्म बनाकर आयकर रिटर्न जमा नहीं किया। पत्नी का आरोप था कि पति ने भरण पोषण से बचने के लिए षड्यंत्र रचा था। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जाफरपुर खानपुर की रहने वाली नीतू बत्रा ने बताया कि उसके पति प्रदीप सिंह उर्फ दीपू निवासी ओमेक्स कॉलोनी थाना पंतनगर से वर्ष 2024 से पारिवारिक विवाद चल रहा है और मामला अदालत में विचाराधीन है। उसके द्वारा न्यायालय में घरेलू हिंसा, भरण पोषण व दहेज प्रताड़ना का वाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान पति ने अदालत में एक जवाब दावा प्रस्तुत किया। जिसको पढ़कर उस वक्त हैरानी हुई। जब पति ने जवाब दावा पत्र में वर्ष 2023 से 2024 तक उसके नाम पर आयकर रिटर्न जमा नहीं किया। पड़ताल की तो पता चला कि अभियुक्त ने उसके नाम फर्जी फर्म बनाई और आयकर रिटर्न जमा नहीं किया। इससे यह साफ था कि पति ने फर्जी दस्तावेज लगाकर आयकर रिटर्न फर्म बनाई। ताकि अदालत में दायर भरण-पोषण देने से बचा जा सके, जबकि पति ने 15 जनवरी 2024 को हाथापाई कर घर से निकाल दिया था। वर्तमान या पहले भी उसके नाम पर कोई फर्म नहीं थी और शादी के बाद से ही गृहिणी बनाकर पारिवारिक जिम्मेदारी निभा रही थी। पीड़िता की याचिका पर अदालत ने सुनवाई की और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- **लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल ने मनाया 25वां स्थापना दिवस**
- **विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:**-लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल ने अपना 25वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। जहां विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समा बांधा।

गुरुवार को स्थापना दिवस का शुभारंभ स्कूल की संस्थापक परविंदर पुरी, निदेशक हरविंदर पुरी, प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना, उप प्रधानाचार्य सिमरनपुरी, समन्वयक लक्ष्य शर्मा ने दीप जलाकर किया। स्कूल निदेशक ने बताया कि वर्ष 2001 में विद्यालय की नींव रखी थी। जिसके बाद कड़ी मेहनत और लगन के बाद विद्यालय ने बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मूल्यों और समग्र विकास की एक मजबूत देने का काम किया।

उन्होंने बताया कि 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी संस्थान ने अपना इरादा नहीं बदला। आगे भी संस्थान विद्यार्थियों के उत्थान का प्रयास करता रहेगा।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की ऐसी प्रस्तुति दी कि मौजूद अभिभावक झूम उठे। इस दौरान शक्तिपीठ धीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी के संस्थापक और डेरा भजन गढ़ साहिब के बाबा विक्रम ने भी आशीर्वाद दिया।




स्थापना दिवस पर अतिथियों का स्वागत करते लिटिल किंगडम स्कूल के प्रबंधक। ● अमृत विचार

## ध्रुव सुसाइड प्रकरण में मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चर्चित युवा व्यापारी ध्रुव चावला सुसाइड प्रकरण में पुलिस ने व्यापारी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में एकता चावला ने साफ तौर पर यह कहा है कि पुलिस पारदर्शी तफ्तीश करे और यह खुलासा करे कि इकलौते बेटे ध्रुव ने आखिरकार क्यों सुसाइड किया था। पुलिस ने सुसाइड प्रकरण की तफ्तीश को गतिमान बना दिया है।

बताते चलें कि 19 फरवरी की रात्रि को सिविल लाइंस स्थित शू शोरूम के स्वामी ध्रुव चावला ने फोन पर अपनी मां से 15 से 20 मिनट बातचीत की थी और जल्द आने की बात कहकर फोन काट दिया था। काफी देर होने के बाद जब ध्रुव ने फोन नहीं उठाया तो व्यापारी के पार्टनर ने दुकान पर आकर लॉक लगे शीशे के गेट को तुड़वाया और खून से लथपथ ध्रुव को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। व्यापारी के सिर पर .32 बोर की गोली लगी थी, जबकि चार कारतूस घटनास्थल पर पड़े हुए थे। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई और मृतक की मां एकता चावला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच का मुद्दा उठाया। व्यापारी की मां ने कोतवाली पुलिस से किसी व्यक्ति द्वारा बेटे को फोन पर प्रताड़ित करने, सुसाइड करने की वास्तविक वजह और आखिरी कॉल किसकी व आखिरी बार दुकान पर कौन आया था। इन सभी सवालों का जवाब जानने का मुद्दा उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट

**बाजपुर:** बन्नाखेड़ा क्षेत्र की श्याम लाल कॉलोनी में होली के दौरान हुड़दंगियों द्वारा घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता करने और विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

श्याम लाल कॉलोनी निवासी सुनीता पत्नी विजयपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च की दोपहर करीब 2:20 बजे कुछ युवक नशे की हालत में जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि मना करने के बावजूद उक्त युवकों ने पीड़िता और उनकी बेटियों के साथ जबरन रंग लगाने के नाम पर अभद्रता की। विवाद बढ़ने और डर के कारण पीड़िता अपने परिवार के साथ बन्नाखेड़ा स्थित मायके चली गई, लेकिन आरोपियों का हौसला इतना बुलंद था कि वे लाठी-डंडे लेकर वहां भी पहुंच गए।

# गदरपुर के एक परिवार के पांच जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय स्कूटनी कमेटी ने जाति प्रमाण पत्र संबंधी तीन प्रकरणों में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने तहसील गदरपुर क्षेत्र में निर्गत एक ही परिवार के पांच जाति प्रमाण पत्रों को निरस्त किए जाने की संस्तुति की गई।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील किच्छा क्षेत्र के तहत शिकायतकर्ता रवि कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें सभी संबंधितों के अभिलेखों का पूर्ण सत्यापन व उनके पूर्वजों के जाति व निवास के प्रमाण की जांच कराए जाने के लिए तहसील स्तर पर तहसीलदार किच्छा की अध्यक्षता में समिति गठित करते हुए 15 दिवस के भीतर सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 3255/25 हरबंस सिंह बनाम सुंदर कौर में पारित आदेशों के अनुपालन में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को 15 दिन का समय देते हुए अपने-अपने समर्थन में साक्ष्य व अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मौके पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, ऋचा सिंह, रविंद्र जुवांठा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।



स्कूटनी कमेटी के साथ जाति प्रमाण पत्रों की सुनवाई करते एडीएम पंकज उपाध्याय।

# नगर निगम के आधुनिक भवन का होगा निर्माण

- **शासन ने दी 1574.24 लाख की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति**
- **महापौर शर्मा बोले-जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी कर शुरू कराया जाएगा निर्माण**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम रुद्रपुर के नए और आधुनिक कार्यालय बहुमंजिला भवन के निर्माण के लिए शासन ने 1574.24 लाख रुपये के बजट को अपनी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य धरातल पर शुरू किया जाएगा।

गुरुवार को महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम कार्यालय को हाईटेक बनाने के उद्देश्य से शासन को एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया था। प्रस्ताव पहले ही मंजूर हो गया था। देहरादून में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में राज्य की कई प्रमुख योजनाओं पर चर्चा हुई। इसमें नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य कार्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए बजट का अनुमोदन किया गया।

इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन व्यवहारिक, मितव्ययी, पारदर्शी और पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। साथ ही परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर तेजी से पूरा करने की हिदायत भी दी गई है। उन्होंने बताया कि भवन का डिजाइन उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना, जलवायु और सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पूरी इमारत भूकंपरोधी तकनीक पर आधारित होगी। इस नई और सुविधायुक्त इमारत के बनने से नगर निगम की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी व सुदृढ़ होगी, जिसका सीधा लाभ शहर की आम जनता को बेहतर सेवाओं के रूप में मिलेगा।

### तीन मंजिला होगा नगर निगम का हाईटेक भवन



**रुद्रपुर :** महापौर शर्मा ने भवन की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि 15 .74 करोड़ रुपये की लागत से तीन मंजिला हाईटेक भवन तैयार किया जाएगा। परिसर में बड़ी पार्किंग के अलावा ग्राउंड फ्लोर, प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण होगा, जबकि छत ( टैरेस) पर एक बड़े हॉल का प्रावधान रखा गया है। ग्राउंड और प्रथम तल पर यूएलबी कार्यालय संचालित होंगे, जबकि द्वितीय तल और टैरेस हॉल का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। स्टिल्ट पार्किंग एरिया में वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था के साथ–साथ आधुनिक रिसेप्शन, वेटिंग एरिया, टैक्स कलेक्शन काउंटर और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**हालात** होली पर्व पर चंडीगढ़ समेत अन्य रूट पर हुआ सात बसों का संचालन

# 14 कर्मियों को मिलेगी 300 रुपये प्रोत्साहन राशि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व यानी 4 मार्च को रुद्रपुर डिपो परिसर में सुबह से 2 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा, जबकि दो बजे बाद यात्री घर से निकले। इसके चलते डिपो से मात्र सात बसों का ही संचालन हो सका। इस दौरान चंडीगढ़, पटियाला, लुधियाना, दिल्ली और टनकपुर मार्ग पर बसों का संचालन हुआ। जिन मार्गों पर बसों को संचालन हुआ उनके चालक परिचालकों को 300 रुपये प्रोत्साहन राशि अतिरिक्त मिलेगी।

रुद्रपुर डिपो के अधिकारियों के अनुसार उत्तराखंड परिवहन निगम मुख्यालय ने चालक-परिचालकों के साथ अन्य कर्मचारियों के लिए होली पर्व पर 27 फरवरी से 9 मार्च तक प्रोत्साहन योजना शुरू की है। योजना के तहत 10 दिन तक मैदानी मार्ग पर न्यूनतम 2420 किमी बस के संचालन पर 1250 रुपये और 11 दिन तक 2662 किमी. तक बस के संचालन पर 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके अलावा होली के दिन यानी 4 मार्च को जो चालक-परिचालक कार्यशाला से गाड़ी लेकर मार्ग पर जाने पर 300 रुपये अतिरिक्त दिये जाने की योजना शुरू की है।

योजना के तहत इस अवधि में जिन चालकों-परिचालकों का लोड फैक्टर 90 प्रतिशत से अधिक होगा उन्हें 500 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। डिपो प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व पर यानि बुधवार के दिन सुबह के समय यात्री नहीं निकले, जबकि दो बजे यात्री घरों से निकले। इस दौरान चंडीगढ़, पटियाला, लुधियाना, दिल्ली के लिए एक-एक बस संचालित की गयी, जबकि टनकपुर के लिए दो बसों का संचालन हुआ।




रुद्रपुर स्टेशन पर बस में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

> होली पर्व पर चंडीगढ़, पटियाला, लुधियाना, दिल्ली और टनकपुर मार्ग पर सात बसों का संचालन हुआ। इन मार्गों पर गये चालक–परिचालकों को प्रोत्साहन योजना के तहत 300 रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे।
> **–मधुसूदन मिश्रा,** महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

# तराई में होली पर्व का रंग चढ़ने के बाद अब तापमान भी बढ़ने लगा

- **अधिकतम तापमान पहुंचा 30 डिग्री सेल्सियस**
- **मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में और अधिक तापमान बढ़ने की जताई संभावना**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तराई में होली का रंग चढ़ने के बाद अब तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। दो दिन पूर्व तक तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के करीब था, जबकि दो दिन में तापमान 29 से 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना व्यक्त की।

**कब कितना रहा तापमान(डिग्री सेल्सियस में)**

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 05 मार्च | 30 .0 | 14 .8 |
| 04 मार्च | 29 .0 | 12 .7 |
| 03 मार्च | 27 .6 | 10 .9 |
| 02 मार्च | 28 .2 | 9 .9 |
| 01 मार्च | 28 .0 | 10 .8 |
| 28 फरवरी | 28 .8 | 11 .3 |
| 27 फरवरी | 28 .0 | 12 .0 |

यहां बता दें कि होली पर्व से पहले सुबह-सायं ठंड के साथ ही दोपहर के समय हल्की गर्मी शुरू हो गयी थी। वहीं होली पर्व के बाद तेज धूप निकलने के साथ ही तापमान भी बढ़ने लगा है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एएस नैन ने बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैंने इन्दिरा गांधी राजकीय इण्टर कॉलेज बढियोवाला तहसील जसपुर जिला उधम सिंह नगर से वर्ष 2009 में हाईस्कूल की परीक्षा जिसका अनुक्रमांक 0150788 है तथा वर्ष 2012 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा जिसका अनुक्रमांक 0116661 है। मेरी निम्न उत्तीर्ण परीक्षाओं के मूल अंक पत्र जसपुर बाजार में कहीं गुम हो गये हैं तथा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले रहे है। - ARBIND KUMAR S/o RATAN SINGH, निवासी ग्राम आमका, तहसील जसपुर, जिला उधमसिंह नगर।


होली मिलन समारोह में समर्थकों के साथ झूमते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार


कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में होली मिलन समारोह में थिरकते युवक-युवतियां। ● अमृत विचार

# ऊधमसिंह नगर में हर्षोल्लास से मना होली का पर्व

## होली के गीतों पर झूमे विधायक, महापौर और पूर्व विधायक, तराई में लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी बधाई

**रंगोत्सव**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने एलाइन्स कॉलोनी आवास के पास होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस दौरान रुद्रपुर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों से समाज के हर वर्ग के लोग, जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जमकर थिरके। वहीं शहर में अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने जमकर होली खेली।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रंगों का यह होली पर्व जिसमें एक उमंग अपनापन, सौहार्द नजर आता है। होली हिन्दू समाज के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्यौहार आपसी प्रेम एक दूसरे के प्रति मन की बुराई को मिटाने ओर गले लगाकर संबंध को मजबूत बनाने का त्यौहार है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को रंगो के त्यौहार होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि युवा पीढ़ी अपनी परंपरा को आगे बढ़ाये।

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रति ग्रोवर, हरीश जल्होत्रा, केके दास, तरुण दत्ता, राजकुमार चौधरी, मनीष गगनेजा, पंकज बांगा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव,विकास गूगलनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, राजेश बजाज, मनीष छाबड़ा, राजकुमार, गुरदीप गाबा, राजेश डाबर, चंद्रशेन चंदा, एमपी मौर्य, किरन विर्क, मनोज छाबड़ा, मयंक कक्कड़, राज कोली, सतनाम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।


समर्थकों के साथ होली मनाते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

### पारंपरिक गीतों पर कार्यकर्ताओं के साथ थिरके महापौर

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा गंगापुर रोड स्थित नंद विहार आवास पर लोगों के साथ होली खेली। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस मौके पर होली के पारंपरिक गीतों और मधुर संगीत की धुन पर लोग जमकर थिरके। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, बलवंत सिंह, व्यापार मण्डल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश कामरा, सोनू मुल्तानी, जितेंद्र संधु, मकेश पाल, राजेश जग्गा, सचिन छाबड़ा, सचिन मुंजाल, नेत्रपाल मौर्य, नवीन पाण्डे, आशीष यादव, अर्चित छाबड़ा, सौरभ राजपूत, धर्मेन्द्र सैनी, विजय तोमर, विशाल खेड़ा, राकेश सिंह, गोविंद शर्मा, अमन विर्क, अशोक विश्वास, मोहन तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ठुकराल ने समर्थकों संग मनाई होली

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की ओर से इंदिरा कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान ठुकराल ने पारंपरिक होल्यारों के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और ढोल नगाड़ों की थाप पर होली के गीतों का आनंद लिया। इस अवसर पर विजय भूषण गर्ग, हरविंदर सिंह हरजी, संजय ठुकराल, ताराचंद्र अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान, राकेश सिंह, घनश्याम श्यामपुरिया, बलदेव छाबड़ा, छात्र संघ अध्यक्ष रजत बिष्ट, उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, सचिव सचिन गंगवार, भाजपा पूर्व अध्यक्ष सुशील यादव नीटू, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, यशपाल घई, पवन वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।


दिनेशपुर में दोल पूजा कार्यक्रम में होली गीत गाते बंगाली समुदाय के लोग।

### होली पर बंगाली समाज ने की दोल पूजा

**दिनेशपुर :** बंगाली समाज के लोगों ने फागुन पूर्णिमा (दोल पूर्णिमा) पर उपवास रखकर राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अबीर -गुलाल चढ़कर होली की शुरुआत की। पूजा के अवसर पर लोगों ने एक -दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बुधवार को ग्राम बसंतीपुर में दोल में राधा- कृष्ण विराजमान किए गए। जहां ढोल पूजा के साथ "हरे कृष्णा हरे कृष्णा.....", होली गीत गाकर घर-घर जाकर लोगों को आशीर्वाद वचन दिया गया। इधर नगर के साथ शिवपुर, हरिदासपुर, आनंदखेड़ा, दुर्गापुर व कालीनगर खटोला व बंगालीमोड़ आदि स्थानों पर दोल पूजा के साथ होली का जश्न मनाया गया। मौके पर विकास अधिकारी, नित्यानंद मंडल, देवाशीष शील, उत्तम अधिकारी, गोकुल मण्डल, दीपा मंडल, ललिता राय, कल्याणी शील, सीखा दास, सूरज राय, अर्जुन कुमार, प्रकाश अधिकारी, अजय कुमार, खोखन सरकार आदि शामिल रहे।


किच्छा कोतवाली में होली खेलते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### ढोल नगाड़ों पर होल्यारों का धमाल

**किच्छा :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर होल्यारों ने जमकर धूम मचाई और एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की बधाई दी। ढोल नगाड़ों और पारंपरिक गीतों पर होल्यारों ने जमकर नृत्य किया। नगर के आवास विकास स्थित क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर कांग्रेसियों ने पारंपरिक तरीके से होली का पर्व मनाया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने विधायक बेहड़ को गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा कि होली का पावन पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है, जो प्रेम- शांति, सौहार्द, समरसता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, जितेंद्र सिंह संधू, निर्मल सिंह हंसपाल, ओमप्रकाश दुआ, छोटे लाल कोली, अशोक सिडाना, विनोद सिडाना, राकेश खुराना, उमेश अग्रवाल, रिंकल अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, परमजीत सिंह, गौरव चावला, दलजीत कक्कड़, भजन सिंह, संतोष ठाकुर, मेजर सिंह, गुरदास कालरा आदि मौजूद रहे। इधर गुरुवार को भी किच्छा कोतवाली एवं पुलभट्टा थाने में होली की धूम मची रही। गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली और पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया।

# होली मिलन में राजनीतिक गतिविधियों का जमावड़ा

संवाददाता, दिनेशपुर,

- जनप्रतिनिधियों के आवासों पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में राजनीतिक गतिविधियों का जमावड़ा देखा गया। राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के आवास पर 2027 में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज दिख रही थी। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया।

बुधवार को प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक जनप्रतिनिधियों के आवासों पर ढोल-नगाड़े व डीजे की आवाज पर लोग थिरकते देखे गए। एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर बधाई देते रहे। इस दौरान नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क व भाजपा नेता हिमांशु सरकार, ललपुरी में वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू व यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित चौहान उर्फ कमांडो, श्रीरामपुर में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाराज, सुखशांतिनगर में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, कुंदननगर में भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, कांग्रेस नगर कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, कालीनगर में जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, नेतानगर में समाजसेवी बलविंदर साहू, खटोला में जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू व पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की सहित ग्राम प्रधानों के आवासों पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। होली मिलन समारोह में 2027 में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज दिख रही थी। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने आवासों पर लोगों से मुलाकात की और होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोगों ने भी जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की।

### होली मिलन समारोह में म्यूजिकल ग्रुप का धमाल

**खटीमा :** सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद द्वारा रामलीला मैदान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सरबजीत बॉबी म्यूजिकल ग्रुप एवं स्थानीय गायकों द्वारा होली गीत, हास्य व्यंग, कविताएं फागुन होली गीत एवं होली नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। परिषद अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की अध्यक्षता और सचिव इंद्रेश कुमार के संचालन में संपन्न होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों, व्यापारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाइयां दी। प्रसिद्ध गायक कलाकार कुमार राजन ने "मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है" से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बरेली से आई कलाकार रेनू शर्मा ने "जुलम तूने कर डाला प्यार में रंग डाला, मैं तो शर्म से पानी पानी होली" प्रस्तुत दी। वहीं राकेश रोहिल्ला ने भी सुंदर होली गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की गाने पर झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कमेटी के संरक्षक राजीव अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अनिल बत्रा, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, अध्यक्ष विजय अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# होल्यारों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** पर्वतीय समाज के लोगों ने होली पर्व धूमधाम से संपन्न होने पर होल्यारों को सम्मानित करते हुए क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया। इस दौरान सभी मंदिरों में भंडारा आयोजित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

बुधवार को शिव मंदिर चक्कीमोड़ में होली समापन पर पुरोहित द्वारा पूजा- अर्चना के बाद लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। होली कमेटी संरक्षक मंडल ने होल्यारों को सम्मानित किया। व्यापारी नेता वीरेंद्र सिंह पवार ने कहा कि फाल्गुन मास की आंवला एकादशी से रंगों की होली तक छह दिन होल्यारों ने अपनी संस्कृति को जीवित करते हुए युवाओं में संचार का कार्य किया है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों का शांति पूर्ण होली पर्व संपन्न करवाने पर आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रमणि देवराड़ी व संचालन महेश बुधौरी ने किया। इस मौके पर पंडित महेशानंद जोशी, समाजसेवी शंकर सिंह नगरकोटी, राजेंद्र सिंह पवार, शंकर कुनियाल, जगदीश धपोला, गुलाब सिंह मेहता, पूर्व सैनिक खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, हरीश देवराड़ी, दान सिंह बड़ती, हरीश सिंह पवार, मनीष पटवाल, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, वीरेंद्र राम, मनीष पांडा, कबीर राजपूत, दीपू बोरा, धन सिंह नयाल, दीपू बिष्ट, मक्खन राजपूत आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के शिव मंदिर चक्कीमोड़ में सम्मानित होल्यार। ● अमृत विचार

### कहीं उड़ा गुलाल, तो कहीं रंग लगाने को लेकर हुआ बवाल

**बाजपुर :** क्षेत्र में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही चारों ओर अबीर-गुलाल और रंगों की बौछार देखने को मिली। युवाओं और बच्चों की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए। हालांकि, खुशियों के इस त्योहार के बीच कई स्थानों पर हुड़दंग और विवाद की घटनाओं ने रंग में भंग डालने का काम किया। होली के उत्साह के बीच क्षेत्र के विभिन्न गांवों से मारपीट और कहासुनी की खबरें भी सामने आईं। ग्राम रामजीवनपुर में रंग लगाने की बात पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जहां जमकर हाथापाई हुई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका। वहीं, बन्नाखेड़ा में घर में घुसकर महिलाओं और युवतियों को जबरन रंग लगाने और अभद्रता करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया। केवल ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी छिटपुट हिंसा की खबरें मिलीं।

# मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होरी में...पर झूमे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पारिवारिक होली मिलन समारोह में होली खेले रघुवीरा ब्रज में होली खेले रघुवीरा समेत सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता देर रात तक जमकर झूमे।

बुधवार को रामलीला मैदान में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित पारिवारिक होली मिलन एवं भजन संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जहां मेले में समाज के विभिन्न वर्गों ने अपने अपने स्टाल लगाकर जाति धर्म से ऊपर उठकर सौहार्दपूर्ण ढंग से एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं भजन संध्या में बरेली से आए प्रसिद्ध भजन गायक राम श्याम बंधु ने अपने ही रंग में रंग ले मुझको याद रहेगी होली। मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होरी में। आज बृज में होली रे रसिया। सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी। तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा। वृन्दावन में हुकुम चले बरसाने वाली का। मेरी लाज रखना। वहीं तिलकधारी ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गुप्ता, भारत विकास परिषद अध्यक्ष सुमित शंकर अग्रवाल, सचिव प्रखर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज अग्रवाल, संयोजक मुकेश अग्रवाल, महिला संयोजिका निधि अग्रवाल, एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विमल गुड़िया, गुरविंदर सिंह चंडोक, भाजपा नेत्री मुक्ता सिंह, प्रिंस अग्रवाल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, डॉ. विनय जैन, सचिन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, कौशलेश गुप्ता, मनोज जोशी मौजूद रहे।


काशीपुर में होली के गीतों पर झूमते लोग। ● अमृत विचार

**उत्साह** | काशीपुर और जसपुर में सद्भाव के साथ मनाया गया होली का पर्व

# नगर से लेकर देहात तक चारों ओर दिखी रंगों की बौछार

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर और जसपुर में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

काशीपुर में होली पर्व पर बच्चों की टोलियां सुबह से पिचकारी और पानी से भरे गुब्बारे लेकर कॉलोनियों में होली खेलने चली गई। वहीं बड़े लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से शहर के हर इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इधर जसपुर में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर से लेकर देहात तक चारों ओर रंगों की बौछार दिखाई दी। नगर के मोहल्ला चौहानान, महुवाडाबरा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की रात को होलिका दहन किया गया। वहीं मोहल्ला जटवारा की होली का दहन बुधवार की दोपहर को होली खेलने के बाद किया गया। दहन के दौरान लोगों ने अपने गन्नों पर बंधी जौ की बालियां अग्नि में भूनी। दहन से पहले लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप होलिका की पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह होते ही युवाओं और बच्चों की टोलियां सड़कों पर निकल पड़ीं। अबीर-गुलाल से सराबोर चेहरों के साथ लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर बधाई दी। घरों में विशेष रूप से गुजिया, पकवान और ठंडाई का आनंद लिया गया। त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में गश्त की। पुलिस की सख्ती के कारण हुड़दंगियों पर लगाम कसी रही। विधायक आदेश सिंह चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने साथियों समेत नगर में घूम कर होली मनाई। दोपहर बाद विधायक, पूर्व विधायक, व्यापार मंडल ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दी। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, चौधरी ब्रजवीर सिंह, संजय कंबोज, सुखवीर सिंह, सिद्धार्थ सिंघल, रामपाल सिंह पधान, रवि चौधरी, दयाराम प्रजापति, सर्वेश सिंह, रणवीर सिंह, विमल अग्रवाल, अर्पित, सोनू, आदि रहे। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान ने अपने आवास शिवाजी नगर में जमकर गुलाल उड़ाया। होलियारों को खड़क सिंह ने रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं।


काशीपुर में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

# युवा होल्यारों में रहा विशेष उत्साह

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया। इससे शुक्रवार को दिन भर क्षेत्र में होली की धूम रही। युवा होल्यारों में तो होली खेलने का उत्साह ही अलग था।

सुबह से ही होल्यार सड़कों पर अबीर गुलाल के साथ उतर आए और ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए एक दूसरे के घर पहुंचकर खूब होली खेली। पर्वतीय समाज में भी होली के गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकीं और पारंपरिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम किए। इस दौरान घरों पर आलू के चिप्स, पापड़ व गुजिया आदि पकवान भी बनाए गए। कोतवाली में पुलिस ने भी जमकर होली खेली और अबीर गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर सिपाही खूब नाचे।

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में चले कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगरपालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, शिवकुमार मित्तल, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुरेश जैन, महेश मित्तल, सुंदर गोगना, विनय मित्तल, वैभव गुप्ता लवी, सुरेश सिंघल, श्याम प्रेमी अजय भारद्वाज, सुनील रस्तोगी, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।


नगर पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह के आवास पर होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### दिल्ली लौटने लगे प्रवासी बसों की संख्या बढ़ाई

**काशीपुर :** होली मनाने के बाद अब प्रवासी अपने कार्यस्थलों को लौटने लगे हैं। प्रवासियों के दिल्ली लौटने को लेकर काशीपुर डिपो की ओर से बसों का संचालन बढ़ाया गया है। दिल्ली के अलावा देहरादून रूट पर बसों की संख्या को बढ़ाया गया है। बीते शुक्रवार से दिल्ली से प्रवासी पहाड़ में होली मनाने के लिए आ रहे थे। बुधवार को होली मनाने के बाद बृहस्पतिवार से ही पहाड़ से लोग दिल्ली लौटने लगे गए हैं। बृहस्पतिवार को हालांकि प्रवासियों की भीड़ कम रही, लेकिन शुक्रवार, शनिवार और रविवार को अत्यधिक सवारी बढ़ने की उम्मीद है। काशीपुर डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली बसें रामनगर से चलती है, ऐसे में डिपो की ओर से रामनगर से दिल्ली रूट पर तीन अतिरिक्त बसों को बढ़ाया गया है। बसों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से यात्रियों को असुविधा नहीं होगी। सहायक महाप्रबंधक नवीन आर्य ने बताया कि दिल्ली के लिए यात्री लौटने लगे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए बसों का संचालन बढ़ाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित जानकारी दी

**काशीपुर :** सुदामालाल उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीपुर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता जायसवाल, प्रधानाचार्या राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा की गई। कार्यक्रम में समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना धर्मेंद्र बसेड़ा ने राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं को दी। संचालन आभा पाठक ने किया। यहां सुदामा लाल उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह, भावना व रीता मौजूद रहे।

### जमीन पर गिरकर युवक घायल

**बाजपुर :** खेलने के दौरान एक युवक अचानक जमीन पर गिरकर घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे तुरंत उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया। बुधवार को दोपहर लगभग दो बजे रामजीवनपुर, सुल्तानपुर पट्टी निवासी 18 वर्षीय मोहित पुत्र गुरनाम सिंह खेलते समय अचानक जमीन पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय बाजपुर लेकर पहुंचे। अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया।

### दो लोग छत से गिरे

**काशीपुर :** अलग-अलग क्षेत्रों में छत से गिरकर दो युवक घायल हो गए। बढ़ापुर बिजनौर निवासी पंकज और टांडा उज्जैन निवासी रोहित छत से गिर कर घायल हो गए। दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

### 92 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 92 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। प्रतापपुर चौकी पुलिस ने दौरान हेमपुर एन्क्लेव रोड स्थित पर्वतीय कॉलोनी से पाण्डेय कॉलोनी निवासी कृष्णा कुमार के कब्जे से 15 लीटर, टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने ढकिया गुलाबो रोड से ग्राम टीला नंबर 4 पोस्ट पूरनपुर थाना हजारा पीलीभीत व हाल ग्राम बरखेड़ी निवासी अजय सिंह के कब्जे से 17 लीटर कच्ची शराब, पैगा चौकी पुलिस ने ग्राम कटैया में कच्ची शराब बेचते ग्राम खाईखेड़ा निवासी हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब व ग्राम मुकंदपुर निवासी पलविंदर सिंह के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

# ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख के पति सहित दो युवक घायल

## स्कॉर्पियो गाड़ी और कार में हुई भिड़ंत, घटना के बाद मौके पर लगा लंबा जाम, मची अफरातफरी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत बाईपास स्थित हाईवे कट पर स्कॉर्पियो गाड़ी एवं कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में कार सवार ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख के पति सहित स्कॉर्पियो सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे कराते हुए यातायात सुचारु कराया। घटना में घायल ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की हालत गंभीर बताई जा रही है तथा उनका रुद्रपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्कॉर्पियो सवार दोनों युवकों को भी गंभीर चोटे आई हैं। फिलहाल पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

होली के दिन बुधवार की देर रात्रि किच्छा बाइपास स्थित होटल सिटी पैलेस के सामने हाईवे कट पर स्कॉर्पियो गाड़ी की ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख भारती देवी की कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के दौरान कार में ग्राम गिद्धपुरी निवासी भारती देवी के पति नरेंद्र बागवानी सवार थे, जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी में सितारगंज निवासी दो युवक सवार बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का एक साइड तथा स्कॉर्पियो गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना में कार सवार नरेंद्र बागवानी सहित स्कॉर्पियो सवार सितारगंज निवासी दो युवक गंभीर घायल हो गए। घटना इतनी भयानक थी कि तुरंत बाद स्कॉर्पियो गाड़ी के दोनों एयरबैग भी खुल गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के साथ ही कार सवार नरेंद्र बागवानी को गंभीर अवस्था में गाड़ी से बाहर निकाल कर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से रुद्रपुर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और स्कार्पियो सवार दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए नगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार उनके सिर तथा पैर में गंभीर चोटे लगी हैं और उन्हें इलाज के लिए आईसीयू में भर्ती किया गया है।



किच्छा में घटना के बाद क्षतिग्रस्त गाड़ी एवं कार के पास लगी लोगों की भीड़।

### केलाखेड़ा में दो बाइकों की भीषण भिड़ंत

**बाजपुर :** केलाखेड़ा क्षेत्र में बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सरकड़ी मोड़ के पास करीब साढ़े छह बजे हुआ, जब रत्ना मड़ैया निवासी 18 वर्षीय अनिकेत पुत्र कलुआ सिंह अपनी बाइक से केलाखेड़ा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के जरिए अनिकेत को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, दूसरे घायल युवक को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# हादसों ने छीन लीं दो युवकों की जिंदगियां

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सड़क हादसों में जहां दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बहेड़ी यूपी निवासी 45 वर्षीय योगेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ किच्छा रोड स्थित बस्ती में किराए के मकान में रहता था और एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति योगेंद्र मंगलवार की शाम को ड्यूटी कर लौट रहा था। जब वह सड़क पार कर ही रहा था कि अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सिक्योरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया।

आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही बिगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना में थाना ट्रांजिट कैंप का रहने वाला 28 वर्षीय युवक सुनील अपने दोस्तों के साथ बुधवार की शाम को गदरपुर से लौट रहा था कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

पुलिस को सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह घटनास्थल पहुंची है तो देखा कि युवक की स्कूटी सड़क किनारे पड़ी है और सुनील बेसुध पड़ा है। आनन-फानन में पुलिस कर्मियों उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सड़क हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग से देह व्यापार कराने वाले चार दबोचे

संवाददाता, काशीपुर

- नाबालिग के साथ गैंगरेप करने का मामला भी आया सामने

**अमृत विचार:** नाबालिग से जबरन अनैतिक देह व्यापार कराने तथा उसका गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। मामले में आईटीआई पुलिस ने दो महिलाओं और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

आईटीआई थाना प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि 3 मार्च को सूचना मिली। जिसमें बताया गया कि 17 मई 2025 को उनकी नाबालिग पुत्री घर से गायब है। जिसकी काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। बताया कि इस बीच उन्हें सूचना मिली कि उनकी नाबालिग लड़की हरियावाला में जाहिद के मकान में हिंदू महिला के साथ रह रही है। उन लोगों ने उसको बंधक बना रखा है और वह उससे जबरदस्ती देह व्यापार करवाकर उसका गैंगरेप भी करते हैं। जिस पर आईटीआई प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने पुलिस की तीन टीमों का गठन करके दबिश दी। उधर, पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह ने आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके तत्काल ही कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने नाबालिग को जाहिद, शिवम, शोभा और सोमा के कब्जे से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी जाहिद निवासी ग्राम इस्लाम नगर हरियावाला कोतवाली कुंडा व मूल निवासी सरदार नगर मुरादाबाद, शिवम निवासी महुआखेड़ागंज व मूल निवासी ग्राम मानपुर गजरौला भगतपुर, सोमा उर्फ जानवी निवासी हरियावाला कुंडा व मूल निवासी शरीफ नगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद और शोभा रानी निवासी महुआखेड़ागंज व मूल निवासी ग्राम मानपुर गजरौला भगतपुर पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। मामले में बाकी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस टीम में आईटीआई प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद बहुगुणा, उप निरीक्षक मीनाक्षी मनराल, उप निरीक्षक पुष्कर भट्ट, अपर उपनिरीक्षक दीपक चौहान, कांस्टेबल सुरेंद्र कंबोज, कांस्टेबल दीपक जोशी, कांस्टेबल दिनेश, कांस्टेबल सुनीता कांबोज व अर्पिता आदि शामिल रहे।

# मुआवजे के लिए लगाई फर्जी बीमा पॉलिसी

संवाददाता सितारगंज

- 2021 के सड़क हादसे से जुड़ा मामला, जांच में दस्तावेज नकली मिलने पर पुलिस में शिकायत

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना के एक मामले में फर्जी बीमा पॉलिसी के आधार पर मुआवजा लेने के प्रयास करने का मामला सामने आया है। बीमा कंपनी की जांच में पॉलिसी के दस्तावेज फर्जी पाए जाने के बाद कंपनी के अधिकारियों ने एसएसपी से शिकायत की है।

यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन यूनिट के डिप्टी मैनेजर अभिषेक रस्तोगी ने बताया कि कंपनी को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) ऊधमसिंह नगर में साल 2021 में दाखिल मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं एमएसीटी -235/2021 व 166/2021) से संबंधित थर्ड पार्टी क्लेम प्राप्त हुआ था। यह दावा वाहन संख्या यूके 06सीबी2160 (टाटा मोटर्स का एलपीएल /1613 टिपर) से जुड़े एक सड़क हादसें के आधार पर किया गया था।

तहरीर के अनुसार 9 फरवरी 2021 को शाम करीब पांच बजे सितारगंज क्षेत्र में दुर्घटना होने की बात कही गई थी। बताया गया कि उस दिन बाइक संख्या यूके 06एक्स1675 पर सवार सुल्तान और जालिस अहमद अपने घर जा रहें थे। इसी दौरान किच्छा की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रहें डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सितारगंज जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुल्तान को मृत घोषित कर दिया। जबकि, जालिस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में उसे इलाज के लिए कृष्णा अस्पताल, हल्द्वानी और फिर, राममूर्ति अस्पताल भोजीपुरा (बरेली) में भर्ती कराया गया। इस मामले में मृतक सुल्तान की पत्नी टिना मलिक और घायल जालिस अहमद की ओर से मुआवजा दावा दाखिल किया गया था। साथ ही, वाहन स्वामी भगवान दास का नाम भी प्रकरण में शामिल है। दावा करते समय बीमा पॉलिसी संख्या 2895/585243 प्रस्तुत की गई। जिसे 26 सितंबर 2020 से 25 सितंबर 2021 तक प्रभावी बताया गया। बीमा कंपनी के अधिकारियों ने जब इस पॉलिसी की जांच अपने रिकॉर्ड में की तो पता चला कि उक्त पॉलिसी कंपनी ने जारी ही नहीं की।

### हरिपुरा में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

**बाजपुरः** हरिपुरा क्षेत्र में बुधवार रात आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटनाक्रम के अनुसार, बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे हरिपुरा निवासी 35 वर्षीय संजय जोशी और उनकी पत्नी 32 वर्षीय वंदना जोशी का किसी बात को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट के दौरान संजय और उनकी पत्नी वंदना को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# भाजपा पार्षद के बेटे ने किया हमला तानी पिस्टल, सिर पर मारी बोतल

संवाददाता, रुद्रपुर

- होली पर सुरक्षा व्यवस्था की उड़ीं धज्जियां, दबंग दिखाते रहे अपनी दबंगई

**अमृत विचारः** होली पर अचूक सुरक्षा व्यवस्था का दावा करने वाली कोतवाली व ट्रांजिट कैंप पुलिस की उस वक्त पोल खुल गई जब होली मनाने के दौरान भाजपा पार्षद के बेटे ने किशोरी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कहीं बाइक सवार दबंगों ने पिस्टल तानने व युवक के सिर पर शराब की बोतल मारकर लहूलुहान करने की घटना सामने आई। घायलों ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपना उपचार कराया और शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती की रहने वाली एक किशोरी ने बताया कि बुधवार की दोपहर को जब वह घर पर थी। तभी भाजपा पार्षद के बेटे अपने साथियों के साथ आये और जबरन खींचकर बाहर ले जाने की कोशिश की। दुस्साहसिक वारदात को देखते हुए जब किशोरी के पिता व भाई ने रोकने की कोशिश की तो पार्षद के बेटे के साथ हमलावरों ने युवती पर धारदार हथियार से हाथ पर हमला किया। इतना ही नहीं परिजनों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

दूसरी घटना बुधवार की दोपहर बारह बजे की है। जहां बाइक सवार अश्विनी अरोरा अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रहा था। इस बीच एलआईसी रोड आवास विकास मोड़ पर अचानक एक बाइक सवार से भिड़ंत हो गयी। नाराजगी जताने पर बाइक सवार युवकों ने अश्विन के दोस्त के सिर पर शराब की बोतल मारकर लहूलुहान कर दिया। थोड़ी ही देर बाद अपने साथियों को बुलाकर बीच बचाव कर रहे युवकों पर हमला बोल दिया। आरोप था कि एक युवक ने पिस्टल निकालकर तानी और गोली मारकर हत्या करने की धमकी भी दी। घायलों ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। जहां युवक के सिर पर 15 टांके आए और डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

# युवक ने मंदिर में की तोड़फोड़, गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** सुभाष नगर स्थित हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ करते हुए एक युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला सुभाषनगर निवासी देवेश राज अरोड़ा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया बीती 4 मार्च की सुबह 5.10 बजे उसकी मां ने उसे बताया कि कोई व्यक्ति हमारे घर के पास बने हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ कर रहा है। उसने जाकर देखा तो एक व्यक्ति मंदिर में तोड़फोड़ कर रहा था। उसने जब उसको रोकने का प्रयास किया तो वह अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। हमलावर ने मंदिर का गेट/रेलिंग तोड़कर मंदिर के अंदर का सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। मंदिर में रखी पूजा सामग्री, फोटो आदि अपने पैर से लात मारकर बाहर फेंक दिया तथा हनुमान जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। देवेश अरोड़ा ने बताया कि जानकारी होने पर पार्षद मनोज जग्गा व अन्य लोग मौके पर आ गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर उस व्यक्ति को बमुश्किल पकड़कर काबू किया। पूछताछ में आरोपी व्यक्ति ने अपना नाम विनीत वर्मा निवासी कालागढ़, बिजनौर बताया।

# प्रश्नपत्र हल करने में बच्चे दें ध्यान

संवाददाता, खटीमा

- नए पैटर्न में 12वीं के बच्चे इन बातों पर रखे विशेष ध्यान

**अमृत विचारः** सीबीएसई की परीक्षाओं में नौ मार्च को होने वाली 12वीं के अहम विषय मैथमेटिक्स का प्रश्नपत्र नए पैटर्न से आने पर सफलता हासिल करने के लिए बच्चों को क्या करना चाहिए। इसके लिए बच्चों को कुछ टिप्स दे रहे हैं अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ मैथमेटिक्स पीजीटी कल्याण सिंह बिष्ट।

बच्चों को संदेश देते हुए पीजीटी बिष्ट ने कहा कि उन्हें इस बात का ध्यान रखना है कि इस वर्ष का गणित का पेपर नए पैटर्न के अनुसार होगा। जिसमें कॉम्प्रिहेंसिव, कॉन्सेप्ट बेस्ड, एप्लिकेशन बेस्ड प्रश्न होंगे। उन्होंने छात्रों को सलाह दी है कि वे गणित की अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझकर तैयारी करें। पेपर में कैलकुलस, मैट्रिक्स,



पीजीटी कल्याण सिंह बिष्ट।

3 डाइमेंशनल ज्योमेट्री, वेक्टर और प्रोबेबिलिटी से अधिक प्रश्न आने की संभावना है। इसलिए, सभी सेक्शन्स के प्रश्नों की एनसीईआरटी, सैंपल पेपर और पीवाईक्यू की प्रैक्टिस करें। एप्लिकेशन बेस्ड प्रश्नों में ग्राफ और केस स्टडी की प्रैक्टिस करें।

उन्होंने कहा कि परीक्षा देते समय प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उत्तर लिखते समय एमसीक्यू के अलावा अन्य प्रश्नों में स्टेप-वाइज सॉल्यूशन दें। हर प्रश्न में उपयोग किए गए फॉर्मूले को भी लिखना जरूरी है। पहले जो प्रश्न आसान लगें, उन्हें पहले सॉल्व करें। बिष्ट ने समय प्रबंधन पर जोर दिया। पेपर से पहली रात कम से कम 6 घंटे की नींद लेना जरूरी है ताकि परीक्षा में कैलकुलेशन सही तरीके से हो सके। पेपर शुरू होने के 2 घंटे पहले सभी फॉर्मूले रिवाइज कर लेना चाहिए। रफ वर्क जिस पेज या स्पेस में करें, उसके ऊपर रफ लिखकर उसे क्रॉस कर दें। अंत में, बिष्ट ने कहा, "ग्राफ वाले प्रश्नों को वहीं सॉल्व करें, जिस पेज में ग्राफ लगा है, ग्राफ को आंसर शीट से अलग न करें। कॉपी के लेफ्ट साइड में प्रश्न नंबर क्लियर लिखें।"

# होली के हुड़दंग में 24 से अधिक लोग घायल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अलबत्ता होली पर्व पर अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना और हादसों में 30 लोग घायल हुए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें तीन को रिफर किया गया है अन्य को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

बुधवार को होली पर्व के दौरान क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में हुई सड़क दुर्घटना व हादसों में सबौरा निवासी प्रिंस चंद, दिगर सिंह, कुटरी निवासी धीरज सिंह, खटीमा निवासी सौम्या, भिलैया निवासी दीपक, खेतलसंडा निवासी विशाल, टेड़ाघाट निवासी आरती, टिंकू, माया देवी, दियूरी निवासी दीपक, राजीव नगर निवास लक्की, विरिया मझोला निवासी मनोज चंद, नानकमत्ता निवासी मुकेश रस्तोगी, प्रीति रस्तोगी, भूड़ निवासी आसीम, नौसर निवासी भाई बहिन करीम और रेशमा, राम चंद्र, जीवा देवी, हरीश, ऊंची महुवट निवासी पवन सिंह, बिगराबाग निवासी राम चंद्र, उलधन निवासी विपिन पांडे, टेड़ाघाट निवासी प्रेम, राज सिंह, नानकमत्ता निवासी वासुदेव, रतनपुर निवासी अभिषेक, राजीव नगर रवि कश्यप, खेलड़िया निवासी विशाल, विछवा निवासी सुचित आदि घायल हो गए।

**राहत** ग्राम सभा नजीमाबाद में करीब 5 करोड़ की लागत से बनेगा अस्पताल, लोगों को मिलेगी सुविधा

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की विधायक ने रखी आधारशिला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत ग्राम सभा नजीमाबाद में करीब 5 करोड़ की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (टाइप ए) की स्थापना हेतु विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना के बीच बुनियाद की प्रथम ईंट रखकर स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी।

ग्राम नजीमाबाद में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। विधायक बेहड़ ने कहा कि फिलहाल यह स्वास्थ्य केंद्र अस्थायी रूप से किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है, स्वास्थ्य केंद्र हेतु भूमि हस्तांतरित के बाद करीब 5 करोड़ की लागत से आधुनिक भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और जल्द ही विशाल भवन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आवश्यक चिकित्सीय सुविधा एवं अन्य पदों का सृजन भी किया जाएगा और भविष्य में इसका उच्चीकरण करने का भी हर संभव प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना इस इलाके के लिए महत्वपूर्ण योजना है, जिसे आज साकार किया जा रहा है और आजादी के बाद आज यहां पहली बार प्राथमिक चिकित्सालय का निर्माण होने जा रहा है। कहा कि जब वे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री थे, तब उन्होंने रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ गदरपुर, बाजपुर, सितारगंज, दिनेशपुर में स्वास्थ्य केंद्रों का उच्चीकरण कराया तथा उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में 44 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना कराई और रुद्रपुर समेत कई जिला चिकित्सालय बनवाए। उन्होंने कहा कि किच्छा स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत कई अस्पतालों का सौंदर्यकरण एवं आधुनिकीकरण करवाया गया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालरा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, आनंदपाल चौधरी, अरुण शुक्ला, मेजर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, ग्राम प्रधान रोशनी देवी, सुंदर सिंह, भजन सिंह, सोनी सिंह, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, छोटेलाल कोहली, शाहनवाज शान, बलविंदर सिंह, डिंपल सिंह आदि मौजूद रहे।



किच्छा में भूमि पूजन करते विधायक तिलक राज बेहड़ एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

### सुल्तानपुर पट्टी में रंग लगाने को लेकर विवाद

**बाजपुरः** सुल्तानपुर पट्टी के रामजीवनपुर क्षेत्र में बुधवार को होली के उल्लास के बीच दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। रंग लगाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर करीब दो बजे 23 वर्षीय गुड्डू पुत्र नरेश निवासी रामजीवनपुर, सुल्तानपुर पट्टी होली खेल रहा था। इसी दौरान रंग लगाने की बात पर कुछ अन्य लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। हमले में गुड्डू को गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया।

# घर में घुसकर महिला को पीटा, ससुर घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** दोराहा चौकी क्षेत्र के ग्राम कनौरा में बच्चों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर घर में घुसकर अभद्रता, मारपीट और जेवर छीनने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

ग्राम कनौरा निवासी नसीम जहां पत्नी सलामत ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब आठ बजे, जब उसके पति घर पर नहीं थे, पड़ोस में रहने वाले एक ही परिवार के तीन पुरुषों और दो महिलाओं ने उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए नसीम जहां के बाल पकड़े और उसे घसीटते हुए अपने घर ले गए। वहां आरोपियों ने उसे जमीन पर पटककर लात-घूंसों से पीटा, जिससे उसके कपड़े भी फट गए।

पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी महिलाओं ने उसके कानों से सोने के कुंडल भी छीन लिए। जब उसके बुजुर्ग ससुर अहमद जान बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पुलिस अब तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।


अल्मोड़ा में छलड़ी पर घर-घर जाकर होली गायन करती महिला होल्यार। ● अमृत विचार


होली मिलन समारोह में उपस्थित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

# आजैकि होली न्है गे छौ, अगिल फागुन ऊलो कै गैछौ...

## छलड़ी पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खेली होली, होली गीतों पर जमकर झूमे होल्यार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। छलड़ी पर्व पर होली खेलने के लिए लोग घरों से निकल पड़े। कहीं पुरुषों की होली की महफिल जमीं थी तो कहीं महिलाएं होली के रंगों में सराबोर दिखीं। बच्चों की टोलियों ने भी होली में खूब धमाल मचाया।

होली को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। होल्यार रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल के साथ आसपास के घरों में पहुंचे और एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाया और गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने भी पिचकारियों से रंगों की बौछार कर लोगों को रंगों से सराबोर कर दिया। महिलाएं और युवतियां भी रंग खेलने से पीछे नहीं रही।

होल्यारों ने आजैकि होली न्है गे छौ, अगिल फागुन ऊलो कै गैछौ..., गा नेरा, खेल नेरा, सुन नेरा, देख नेरा, सब जीरै लाख बरीसा, रंगा में राज रहो है..., आदि होली गीत गाकर रंगों के पर्व को विदाई दी।


अल्मोड़ा एसएसपी आवास पर होली खेलते डीएम और एसएसपी।

### पुलिस अधिकारियों और जवानों ने मनाई होली

**अल्मोड़ा:** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर एसएसपी चंद्रशेखर घोडके ने अपने आवास पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ हर्षोल्लास से होली मनाई गई। एसएसपी ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और उनके साथ आत्मीयता से होली खेली। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़ता के साथ ड्यूटी संपादित करने के लिए सभी जवानों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अंशुल सिंह भी उपस्थित रहे।

### धौलछीना में हर्षोल्लास से मनाई गई होली

**अल्मोड़ा:** भैंसियाछाना ब्लॉक के विभिन्न गांवों में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होल्यारों ने छलड़ी पर घर-घर जाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों और महिलाओं में छलड़ी को लेकर विशेष उत्साह दिखा। ढोल मंजीरा के साथ पहुंची होली की टोलियां घर-घर जाकर होली गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध रही थी। अबीर गुलाल का टीका लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

### सफल संचालन पर किया प्रसाद वितरित

छलड़ी संपन्न होने के बाद नगर के ग्राम पंचायत खत्याड़ी, जाखनदेवी, खोल्टा, लाला बाजार, धारानौला, दुगालखोला, सरकार की आली, कर्नाटक खोला, खोल्टा, पांडेखोला, माल गांव, सरसों, देवली आदि ग्रामीण इलाकों में होली पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने होली पर्व के सफल संचालन पर प्रसाद वितरित किया गया। इसमें हलुवा, आलू आदि प्रसाद के रूम में वितरित किया गया।

### छलड़ी के रंग में रंगे गेवाड़ के होल्यार

कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली के साथ पुरुषों और महिलाओं की होली का छलड़ी के साथ समापन हो गया है। गेवाड़ घाटी में पुरुषों की खड़ी होली के साथ महिलाओं के होली गायन की धूम मची थी। शनिवार को छलड़ी मनाते हुए होल्यार गांव-गांव में एक दूसरे पर अबीर-गुलाल, रंग छिड़क कर बधाई दे रहे थे। गुजिया पापड़, गुड़, आलू के गुटके, लड्डू घरों में एक दूसरे को खिलाये गए। होली के रंग में बच्चे से लेकर बूढ़े तक रंगे हुए नजर आये।

### आशीष व प्रसाद के साथ होली संपन्न

**बागेश्वर:** जनपद में होली का छलड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने घर-घर में जाकर एक दूसरे को होली की बधाईयां दी तथा अगले वर्ष फिर इसी उल्लास के साथ मिलने का आशीर्वाद दिया। सायंकाल गांव घरों में प्रसाद के रूप में हलुवा बनाकर वितरित किया। इधर, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आवास में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को सुबह से ही लोग अबीर गुलाल व ढोल मजीरे लेकर टोली के रूप में घर-घर गए तथा एक दूसरे को बधाइयां दी व जमकर रंग खेला। इसके बाद दोपहर बाद गांव-शहर की होली कमेटियों द्वारा परंपरा के अनुसार प्रसाद के रूप में हलुवा बनाया व प्रसाद वितरित किया। डीएम आकांक्षा कोंडे व पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार के आवास में भी होली मिलन समारोह आयोजित किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी।

# डीजे की धुनों पर जमकर थिरके बुजुर्ग और जवान

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** बुधवार को देशभर के साथ रानीखेत में भी रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाया गया। गली-मोहल्लों में जहां लोगों ने घर-घर जाकर अबीर लगा होली की बधाई दी वहीं खड़ी बाजार तिराहे पर होली मिलन समारोह में उमंग से भरे लोग डीजे की धुनों पर जमकर थिरके। वहीं विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुमाऊं रेजीमेंट केंद्र के जवानों ने हजारों की संख्या में पहुंचकर नगरवासियों के साथ होली पर्व धूमधाम से मनाया।

रानीखेत में होली का पर्व शांति और सौहार्द के साथ ही पूरे उल्लास से मनाया गया। वर्षों बाद ऐसी उमंग देखी गई। शिवमन्दिर एवं धर्मशाला समिति द्वारा अपर खड़ी बाजार तिराहे पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां एकत्रित बच्चों, युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक डीजे की धुनों पर जमकर नाचे। तिराहे पर समिति द्वारा जलपान का इंतजाम भी किया गया था।दो घंटे चले इस कार्यक्रम में उम्मीद से ज्यादा उत्साह का अतिरेक दिखाई दिया। कार्यक्रम में होलियारों ने खड़ी होली गायन भी किया।

वहीं घर-घर में भी महिला होली की स्वर लहरियां ढोलक की थाप व मंजीरे खड़ताल के साथ गूंजती रही। सेना के जवानों ने मुख्य बाजार में पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ सामूहिक रूप से होली मनाई। गौरतलब है की विगत कुछ वर्षों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब के प्रचलन व हुड़दंग के कारण होली के रंग बदरंग होते चले गए थे लेकिन इस बार रानीखेत की पारम्परिक होली जिस मर्यादा और सभ्यता के साथ हुई है।


रानीखेत में छलड़ी पर्व पर बाजार क्षेत्र में सामूहिक रूप से होली खेलते सेना के जवान।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम को सड़क पर उतरी पुलिस

संवाददाता, अल्मोड़ा

- त्योहारी सीजन के बीच पुलिस ने चलाया यातायात चेकिंग अभियान
- वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन के बीच जिलेभर में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने त्योहारी सीजन के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग अभियान के दौरान दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहन के खिड़कियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों व यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी टैक्सी, बस चालकों को सुरक्षित ड्राईविंग के लिये क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने, नशे में वाहन न चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन न चलाने आदि उचित हिदायतें दी गई। यात्रियों से अपील की गई कि कोई वाहन चालक ओवर लोडिंग, नशे में वाहन चलाता है या खतरनाक तरीके से वाहन चलाता है तो उसकी शिकायत तत्काल डायल 112 में करे। यहां अभियान में एएसपी हरबन्स सिंह, सीओ सदर बलवन्त सिंह, सीओ रानीखेत विमल प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। ● अमृत विचार

# मां पूर्णागिरि धाम में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व के बाद देश के सुप्रसिद्ध माँ पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पिछले 24 घंटे में 25 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर मन्नत मांगी। इस दौरान काली मंदिर से आगे श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण उन्हें घंटे तक कतार में खड़े होकर प्रतीक्षा करनी पड़ी।

इस दौरान मां के जय जयकारों के बीच पूर्णागिरि क्षेत्र भक्ति भाव हो उठा। सरकारी तौर पर सुप्रसिद्ध पूर्णागिरि मेला 27 फरवरी से शुरू हुआ था लेकिन शुरू के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी रही लेकिन होली पर्व के बाद एकाएक श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो गया है। इस बार यह मेला 15 जून तक संचालित होगा। इधर पड़ोसी देश नेपाल में चुनाव के कारण गुरुवार को भारत नेपाल सीमा सील होने के कारण मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के बाद श्रद्धालु नेपाल के महेंद्र नगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन को नहीं जा पाए। मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालु परिवहन निगम की बसों, ट्रेन, चार्टर बसों, निजी वाहनों और साइकिल के माध्यम से यहां पहुंच रहे हैं।


मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# अमकड़िया में युवाओं के लिए बनेगा खेल मैदान

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** सीएम धामी के जनपद में खेल अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद चम्पावत में युवाओं के लिए खेल सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

जनपद में युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ग्राम नदोला स्थित लगभग 0.480 हेक्टेयर भूमि को ग्राम पंचायत अमकड़िया अंतर्गत खेल मैदान निर्माण के लिए युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, उत्तराखण्ड शासन के नाम निःशुल्क हस्तांतरण व नामान्तरण की स्वीकृति प्रदान की है। यहां युवाओं के लिए खेल मैदान एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का विकास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद, शारीरिक दक्षता और विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए बेहतर अवसर मिल सकेंगे। डीएम मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासनादेशों में निर्धारित शर्तों का अनुपालन करते हुए भूमि हस्तांतरण एवं नामान्तरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए तथा भूमि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही सुनिश्चित किया जाए।

## कटारमल गेस्ट हाउस तक पहुंची वनाग्नि

**अल्मोड़ा :** जिलेभर में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। बुधवार देर शाम कटारमल से सटे जंगल में लगी आग पास के गेस्ट हाउस तक पहुंच गई। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका।

रविवार देर शाम कटारमल से लगे जंगल में आग धधक उठी। विकराल हो चुकी आग पास में ही गेस्ट हाउस तक पहुंची पहुंच गई। इससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने फायर सर्विस की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर सर्विस की टीम ने जंगल में धधकी आग पर काबू पाने में जुट गए। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया।

## पर्यटकों से गुलजार रही सरोवर नगरी

**नैनीताल:** होली वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी में पर्यटकों की अच्छी खासी आमद देखने को मिली। हालांकि बीते वर्षों की तुलना में इस बार पर्यटकों की संख्या कुछ कम रही, फिर भी शहर में रौनक बनी रही। वीकेंड का फायदा उठाते हुए देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटकों ने नैनीताल की खूबसूरत वादियों का आनंद लिया।

पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाया और माल रोड, स्नो व्यू, टिफिन टॉप, केव गार्डन और हिमालय दर्शन जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का दीदार किया। माल रोड और झील क्षेत्र में दिनभर पर्यटकों की चहल-पहल बनी रही।

# देवड़ा इलेवन की टीम ने जीती फाइनल ट्रॉफी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** ग्रामीण प्रीमियर लीग सीजन वन का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के तहत दयोली बॉयज और देवड़ा इलेवन के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें देवड़ा इलेवन की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपना कब्जा जमाया।

डीनापानी मिनी स्टेडियम में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख हवालबाग प्रतिनिधि भरत भूषण, भाजपा हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद दयोली बॉयज और देवड़ा इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दयोली बॉयज की टीम ने निर्धारित ओवरों में अपने पूरे विकेट खोकर 96 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य के जवाब में देवड़ा इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। गोविंद देवरी को प्लेयर ऑफ द मैच और कमलेश जीना को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया।

# मरीज को पीठ पर लाद आठ सौ मीटर चले

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कपकोट के कई गांव अब भी यातायात सुविधा न मिलने का दंश झेल रहे हैं। ग्रामीण अब भी मरीज को लगभग एक किमी दुर्गम रास्ते से लेकर सड़क तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार मांग करने के बाद भी सरकार द्वारा सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है जिस कारण क्षेत्र की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण धीरज गढ़िया ने बताया कि मंगलवार की रात्रि कपकोट तहसील के चलकाना गांव के तोक किरमापानी निवासी महेश बघरी का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया।


मरीज को सड़क तक पहुंचाते ग्रामीण।

जिस पर प्रारंभिक चरण में गांव के ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें सही करने का प्रयास किया परंतु स्वास्थ्य अधिक खराब होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। परंतु उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं व पैदल मार्ग से सड़क तक पहुंचाने में काफी परेशानी हुई। दुर्गम मार्ग से उन्हें सड़क तक पहुंचाया तथा इसके बाद वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज करवाया जा रहा है। बताया कि यह तोक ग्राम सभा चलकाना मेन रोड से लगभग 800 मीटर की दूरी पर है। जहां सीधी चढ़ाई है। ग्रामीण कई बार इस स्थान को यातायात सुविधा प्रदान करने की मांग कर चुके हैं परंतु किसी के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जायजा

उपस्थिति पंजिका, डिस्पैच रजिस्टर, पत्र प्राप्ति रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का परीक्षण किया

# डीएम ने किया कांडा तहसील का औचक निरीक्षण, लगाई फटकार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** होली का त्योहार संपन्न होने के अगले दिन जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कांडा तहसील का औचक निरीक्षण किया। वहां प्रभारी तहसीलदार कार्यालय समय पर नहीं पहुंचे थे जबकि अन्य कुछ कर्मचारी भी उपस्थित नहीं थे। जिस पर डीएम ने उनके वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पाया कि तहसील का कंटोल रूम का नंबर भी खराब है जिस पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया।


कांडा तहसील का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी गुरुवार को कांडा तहसील के औचक निरीक्षण में पहुंची। जिलाधिकारी ने विभिन्न पंजीकाओं, आपदा मद में वितरित धनराशि से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया। साथ ही जीपीएफ एवं सेवा पुस्तिकाओं के संधारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। प्रभारी तहसीलदार के कार्यालय में देर से पहुंचने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया तथा उनके वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, डिस्पैच रजिस्टर, पत्र प्राप्ति रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का परीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीय कार्यों में लापरवाही एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार से लेकर तहसील कांडा के अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए।

डीएम ने तहसील परिसर स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाई गईं। कंट्रोल रूम का फोन भी कार्य नहीं कर रहा था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड कर्मियों के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। तहसील परिसर के समीप निर्माणाधीन न्यायालय भवन एवं आवासीय भवन की प्रगति का भी जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार जगदीश गिरी तथा तहसील परिसर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंस्पायर अवार्ड: मानक के लिए दो छात्र चयनित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय जूनियर हाईस्कूल विजयपुर कोटाबाग विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्रों का चयन प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड-मानक के लिए हुआ है। विद्यालय के कक्षा आठ के छात्र संजय राम और ललित बोरा ने इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत अभिनव वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत किए।

दोनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने नवाचारों की विस्तृत ब्लूप्रिंट रूपरेखा (प्रोटोटाइप) तैयार की जिसके आधार पर उनका चयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्र को अपने प्रोजेक्ट का कार्यशील मॉडल (प्रोटोटाइप) विकसित करने के लिए 10,000 रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से संचालित की जाती है। इस उपलब्धि पर इंस्पायर अवार्ड समन्वयक जनपद नैनीताल हिमांशु पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी कोटाबाग हालदार प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलवंत सिंह म विद्यालय ने दोनों छात्रों को बधाई दी।



अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे, तो वर्तमान को भी खो देंगे।

–गुरु गोबिंद सिंह

# ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका गलत नहीं है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज़ कदम तत्काल उठाने होंगे।

## प्रसंगवश

# भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।



श्वेता गोयल

शिक्षिका

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'युद्ध-भय': भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन

शिक्षाविद्

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति शृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।

–अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता



# राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7–9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर 'कोटा' तय किया जाता है। सूत्र है-कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कायर और क्रांतिकारी

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– 'तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?'

चरवाहा बोला, 'उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।'



आरती सिंह

ब्लॉगर

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।'

मोहम्मद करीम ने कहा, 'मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।'

नेपोलियन बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।'

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, 'इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।'

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, 'अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फिक्र है।'

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, 'एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।'

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा' जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



धनीश शर्मा

लेखक

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर 'प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व' की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# यूरेका

## खोज

# इंटरनेट का आविष्कार


आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है।



इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।

1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

## वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।

पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के






अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।

### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।



इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

# ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिसससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

## वाइल्ड लाइफ



# ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।



# पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम



डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।

प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 6 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमश: 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### इंडिगो जामनगर से नवी मुंबई के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

नयी दिल्ली, एजेंसी। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो गुजरात के जामनगर से महाराष्ट्र के नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह दैनिक उड़ान 23 अप्रैल से शुरू होगी। इस मार्ग पर वह ए320 विमान का परिचालन करेगी। अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, राजकोट और भावनगर के बाद जामनगर इंडिगो के नेटवर्क में शामिल होने वाला गुजरात का छठा शहर होगा। उसने बताया कि नयी उड़ान से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### एम्बैसी रीट ने डिबेंचर जारी कर 1,400 करोड़ रुपये जुटाए

नयी दिल्ली। रियल्टी कंपनी, एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने 'डिबेंचर' जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सचेंज में बृहस्पतिवार को दायर एक नियामकीय सूचना में, कंपनी ने कहा कि उसने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सूचना में कहा गया है कि इस निर्गम की कीमत 10 साल के समय के लिए 7.49 प्रतिशत के आकर्षक निश्चित कूपन पर रखी गई थी और इसे भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने पूरी तरह हासिल किया है।

## हल्द्वानी मंडी

दाम प्रति क्विंटल में

**चावल:** शरबती- 3000 मसूरी- 1200 बासमती- 7200-8900 परमल- 1200-3200

**दाल दलहन:** काला चना- 2200-2800 साबुत चना दाल- 1400 राजमा- 8000-11400 दाल उड़द- 6200 साबुत मसूर दाल- 3000 मसूर दाल- 1000 उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 6200-10200 अरहर दाल- 10000 -12200 लोबिया/करमानी- 2200-3000

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। फोटो : एजेंसी

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही
- व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को 'करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।


आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग करेंगे भारत-फिनलैंड

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान को साझेदारी और निरंतर संवाद पर दोनों पक्ष सहमत

नयी दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब।

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है। मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद पर सहमति जतायी।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी अदालत ने कहा- एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और टोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के टोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी।

इन उड़ानों के लिए 'ए320 नियो' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी। एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा।

जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है। बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

मुंबई, एजेंसी।

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच




हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी। कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया- सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को जारी किए दिशा-निर्देश

नयी दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडर्ड्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं।

सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

## ईरान संकट

युद्ध शुरू होने से पहले पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंचे जहाजों को भी नहीं हो रही माल की डिलीवरी

# पोत परिवहन कंपनियां मांग रहीं अधिक अधिभार, निर्यातक चिंतित

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है।

सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा? घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

नयी दिल्ली। चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

कोलकाता, एजेंसी। अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

### एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

# अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

**न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी**




- गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

# होर्मुज : दुनिया की दुखती रग

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

# नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

## तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

- पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है।

- अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है।

पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में 17 अरब डॉलर अधिक था। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।

# आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी**



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

- मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का लिया निर्णय

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही।दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हुआ। यह समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति शाम को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे और मुख्य भाषण देंगे।

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

- तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या

कहा गया है कि यह दुर्घटना बहुत ज़्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि खनन क्षेत्र को पहले नवंबर से खतरे के क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। इस वर्गीकरण के बाद यहां खनन पर रोक लग जानी चाहिए थी। रूबाया के रहने वाले और खनिक डेविड कासेरेका ने बताया, कसासा नाम के पहाड़ पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन ने कई लोगों को निगल लिया।

# आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र में भारत ने किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में पुरी ने अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। इस हमले को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी संगठन) के सहयोगी संगठन ''द रेजिस्टेंस फ्रंट'' ने अंजाम दिया था। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, हमें आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी होगी।

भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने इस प्रक्रिया में वार्ता के दौरान सह-सहायकों फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरी ने कहा, न्यूयॉर्क और दुनिया भर में (आतंकवादी घटनाओं के बाद) भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' एक ऐतिहासिक दस्तावेज है।पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

- खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।


**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 09.29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

**औपचारिकता बना चुनाव**

**दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन**

# राज्यसभा चुनाव : आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवार रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। अस्वस्थ पवार के आवास पर जाकर अधिकारियों ने नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्य में सीटों और उम्मीदवारों की संख्या बराबर है इसलिए मतदान के बगैर प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होगी।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है जिनका निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल कर दिए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ मोर्चे की ओर से एन शिवा, प्रो. जे कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, क्रिस्टोफर तिलक और एलके सुदीश ने नामांकन दाखिल किया। विपक्षी गठबंधन की ओर से वर्तमान सांसद एम थंबीदुरई और पीएमके नेता अम्बुमणि रामदास ने नामांकन दाखिल किया। यहां भी सभी छह उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।




नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका अपने प्रत्याशी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग से तीनों नामांकित उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपाविधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने नामांकन दाखिल किया है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग की ओर से पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



> मैं बस घर जाना चाहता हूं। कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं। टीम के सभी सदस्य परेशान हो रहे हैं। फिलहाल एक अपडेट मिला, देखते हैं कब जाने को मिलेगा।
> –डेरेन सैमी, वेस्टइंडीज के कोच

# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार, 6 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

### आज का मैच

**टीम :** भारत–ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला
**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

### हाईलाइट

## फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर




**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12 .3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ़्रीका पर दबाव बनाए रखा।

## आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में, न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

## टी-20 विश्व कप : दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रनों से हराया



संजू सैमसन।

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड 7 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड 246 रन बना सका।

इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में भारत की जीत के हीरो सैमसन ने 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने सैमसन की तूफानी पारी से पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सैमसन ने जोफ्रा आर्चर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में मिड ऑन पर कप्तान हैरी ब्रूक ने सैमसन का आसान कैच छोड़ा और इस बल्लेबाज ने ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ दिया। अभिषेक शर्मा (09) ने भी स्पिनर विल जैक्स पर दो चौके मारे लेकिन फिर उनकी गेंद को हवा में लहराकर डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट को आसान कैच दे बैठे। ईशान किशन ने भी जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैमसन ने सैम कुरेन के साथ ऐसा किया। सैमसन ने लेग स्पिनर आदिल राशिद का स्वागत चौके के साथ किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी डॉसन पर छक्का मारा। सैमसन और इशान ने अगले ओवर में कुरेन पर भी छक्के मारे जिससे नौवें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। ईशान हालांकि इसके बाद राशिद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर जैक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। शिवम दुबे ने आते ही राशिद पर दो छक्के मारे। सैमसन ने भी आर्चर पर दो छक्के मारे लेकिन इसके बाद जैक्स की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) ने राशिद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर स्टंप हो गए। हार्दिक पंड्या ने ओवरटन पर तीन चौकों के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। दुबे ने कुरेन पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। तिलक वर्मा (21) ने 19वें ओवर में आर्चर पर तीन छक्के मारे लेकिन फिर बोल्ड हो गए। पंड्या ने अंतिम ओवर में दो छक्के जड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया लेकिन फिर रन आउट हो गए।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-61-1, जैक्स 4-0-40-2, ओवरटन 3-0-36-0, कुरेन 4-0-53-0, राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0

**19** छक्के लगे भारतीय पारी में | **07** छक्के सर्वाधिक सैमसन ने लगाए


# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड

**कोलकाता, एजेंसी**

- पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।



दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।

उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

## द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**शुभ घड़ी आई**

स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की

**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।


महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी


बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।



पूर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।


रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

- प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराया

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
> – लक्ष्य सेन

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।